रोहतक
मंगलवार, 25 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 149
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 42.0
न्यून. 30.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी का अहम योगदान

## खबर संक्षेप



टी-20 वर्ल्ड कप

### ऑस्ट्रेलिया को हरा सेमीफाइनल में पहुंची टीम इंडिया

**ग्रॉस आइलेट।** भारत ने अपने सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम 5वीं बार इस टूर्नामेंट के टॉप-4 में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से 27 जून को होगा। वेस्टइंडीज के सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 41 गेंद पर 92 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 8 सिक्स की मदद से 224 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। रोहित के अलावा, सूर्यकुमार (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (27) ने टीम का स्कोर 205 तक पहुंचाया। टीम ने इस टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200+ का स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में दो विकेट पर 128 रन बना लिए थे। उसके बाद 7 ओवर्स में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी की और कंगारू टीम को 20 ओवर में 181/7 के स्कोर पर रोक दिया। *(विस्तृत खेल पेज पर)*

### इनेलो नेता के शोरूम पर फायरिंग कर मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

बदमाशों ने 40 राउंड फायर किए, घटना सीसीटीवी में कैद

**पर्ची में भाऊ और नीरज बवाना समेत 8 के नाम लिखे**

**हिसार।** सिटी पुलिस थाना के ठीक पीछे तीन बदमाश सोमवार की दोपहर बाद ऑटो मार्केट स्थित इनेलो नेता रामभगत गुप्ता के शोरूम में घुस गए। इस दौरान एक बदमाश ने शोरूम के कांउटर पर बैठी युवती की तरफ 5 करोड़ रुपये की रंगदारी की पर्ची फेंकी और फायर करते हुए शोरूम से बाहर भाग गया। गोली काउंटर पर लगने से युवती बाल-बाल बच गई। इसके बाद बाइक सवार तीन बदमाशों ने शोरूम पर ताबड़तोड़ करीब 40 राउंड फायर किए। बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़ी गाड़ियों पर भी फायर किए। सूचना मिलते ही एसपी मोहित हांडा मौके पर पहुंचे। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पांच करोड़ की रंगदारी के फेंकी गई पर्ची पर काला खरमपुरिया, नीरज फरिदपुरिया, सन्नी खरड़िया, नीरज बवाना, भाबू गैंग, सुरेश ढंढूर, साजिद खान, और लालू खारिया के नाम लिखे हुए है। रंगदारी मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है।

## हरियाणा में नौकरियों में 5 नंबर का बोनस असंवैधानिक : सुप्रीम कोर्ट

राज्य सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा, 23 हजार नियुक्तियां फंसीं

सरकार ने 5 मई 2022 को लागू किया था फैसला

**1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को दिया गया था बोनस अंक का लाभ**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में सरकारी भर्ती परीक्षा में सामाजिक-आर्थिक आधार पर पिछड़े उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सोमवार को दिए फैसले में कोर्ट ने कहा- यह असंवैधानिक है। हरियाणा की मनोहर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। फैसला 5 मई, 2022 से लागू किया था। इसके तहत जिस परिवार में कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में न हो और परिवार की आमदनी सालाना 1.80 लाख रुपए से कम हो, ऐसे परिवार के आवेदक को 5 अतिरिक्त अंक का लाभ मिलता है। हरियाणा सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) में 1.80 लाख सालाना इनकम वाले परिवारों को बोनस अंक का लाभ दिया था। राज्य के परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला। इसे अन्य अभ्यर्थियों ने कोर्ट में चुनौती दी।

**पीपीपी वाले युवाओं को ही यह फायदा मिला**

**अन्य अभ्यर्थियों ने इस फैसले को दी थी कोर्ट में चुनौती**

### हाईकोर्ट कर चुका फैसला खारिज

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 31 मई 2024 को बोनस अंक देने के फैसले को खारिज किया था। हाईकोर्ट ने कहा था- यह एक प्रकार से आरक्षण देने जैसा है। जब आर्थिक पिछड़ा वर्ग के तहत राज्य सरकार ने पहले ही आरक्षण का लाभ दिया है तो यह आर्टिफिशियल श्रेणी क्यों बनाई जा रही है। हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। सरकार ने एग्जाम करवाने वाले हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के जरिए सुप्रीम कोर्ट में 4 पिटीशन दायर की थी।



### युवाओं को दोबारा देना होगा एग्जाम

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से साल 2023 में निकाली गई ग्रुप सी और डी में नियुक्ति पा चुके 23 हजार युवाओं को दोबारा एग्जाम देना पड़ेगा। अगर वे पास नहीं हो पाए तो नौकरी से बर्खास्त हो जाएंगे। इन्हें भर्ती वाले साल में ही नियुक्ति भी दे दी गई थी।

## रिव्यू पिटीशन और विधेयक लाने के विकल्प खुले : नायब सैनी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साफ कर दिया है कि जिन हजारों युवाओं ने सीईटी के बल पर नौकरी प्राप्त की है, किसी को भी नौकरी से निकलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन अंत्योदय की नीति पर चलते हुए हम जरूरत पड़ने पर विधानसभा में विधेयक लाने और रिव्यू में जाने के दोनों ही विकल्प खुले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा निवास में पत्रकार सम्मेलन बुलाकर कहा कि हमारी सरकार ने गरीब वर्गों के कल्याण के लिए फैसला लिया था, जिसमें घूमंतू जातियों और अति गरीबों को सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच नंबर देने का फैसला लिया था, जिस पर हम कायम हैं। इसके लिए अगर विशेष सत्र बुलाकर विधेयक लाने के साथ-साथ रिव्यू पिटीशन को लेकर भी विचार चल रहा है।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन आने वाले दिनों में 50 हजार भर्तियां करेंगे

**हमारी नीतियां अंत्योदय पर आधारित हैं, इसलिए हम अपनी नीति पर अडिग रहेंगे**

*संसद सत्र से पहले संबोधन में पीएम ने किया इमरजेंसी का जिक्र, बोले-भारत में फिर कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा*

# 50 साल पहले संविधान को नकार दिया गया संसद ड्रामे और स्लोगन से नहीं चलेगी : मोदी



**हमें तीसरा मौका दिया, मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम तीन गुणा ज्यादा मेहनत करेंगे**

**जनता विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा रखती है। मैं आशा करता हूं कि विपक्ष उसमें खरा उतरेगा।**

**नई ऊंचाई, नई गति हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर, विकसित भारत 2047 के संकल्प को लेकर 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा**

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से 'नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान' की जगह 'ठोस काम' और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। 18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को 'महान और भव्य' बताया तथा कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेगी और परिणाम भी तीन गुना लाकर रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने साल 2047 तक 'श्रेष्ठ और विकसित' भारत के लक्ष्य को हासिल करने के संकल्प को दोहराया और साथ ही आपातकाल को याद करते हुए देशवासियों को इसकी 50वीं वर्षगांठ पर यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि भारत में फिर कभी कोई यह हिम्मत नहीं कर सके। मोदी ने कहा, ''देश की जनता विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा रखती है। अब तक तो निराशा मिली है। इस 18वीं लोकसभा में देश उनसे विपक्ष के नाते उनकी भूमिका की अपेक्षा करता है, लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने की अपेक्षा करता है। मैं आशा करता हूं कि विपक्ष उसमें खरा उतरेगा। *(संबंधित खबर पेज 7 पर)*

**हर किसी को साथ लेकर मां भारती से सेवा करेंगे :** उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि कि सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। उन्होंने कहा, ''इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हर किसी की सहमति के साथ, हर किसी को साथ लेकर के मां भारती की सेवा करें।



पहले पीएम, बाद में कैबिनेट ने शपथ ली

### माननीयों ने ली शपथ

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक सोमवार को शुरू हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ ही अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब ने सदन की कार्यवाही शुरू कराई और सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यवाही शुरू होते ही सदन के नेता होने के नाते मोदी ने सबसे पहले शपथ ली। इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने 'मोदी मोदी' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण करते समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सदस्य अपने स्थानों पर संविधान की प्रति लेकर खड़े थे। जब गृह मंत्री अमित शाह शपथ लेने आए तब भी विपक्षी सदस्यों ने संविधान की प्रति अपने हाथ में ले रखी थी, हालांकि इस दौरान वे अपने स्थानों पर बैठे हुए थे।

### लोग ठोस काम चाहते हैं, नारेबाजी नहीं

उन्होंने कहा, ''लोग सदन में बहस की अपेक्षा करते हैं। लोगों को ये अपेक्षा नहीं है कि नखरे होते रहे, ड्रामे होते रहें, व्यवधान होता रहे। लोग ठोस काम चाहते हैं, नारेबाजी नहीं चाहते हैं। देश को एक अच्छे विपक्ष की आवश्यकता है, जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता है और मुझे पक्का विश्वास है कि इस 18वीं लोकसभा में हमारे जो सांसद जीतकर के आए हैं, वो सामान्य जन की उन अपेक्षाओं को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।'' प्रधानमंत्री का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्षी दलों ने प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति के मुद्दे पर सरकार की आलोचना की है और संकेत दिए है कि पेपर लीक सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता नियुक्त किए गए

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया है। उच्च सदन में नड्डा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की जगह लेंगे। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में गोयल ने महाराष्ट्र से जीत दर्ज की है। गोयल ने निचले सदन के सदस्य के तौर पर शपथ ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ ही केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। वह स्वास्थ्य मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे हैं। नड्डा मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के हैं, उनका जन्म बिहार में हुआ है और वर्तमान में वह गुजरात से राज्यसभा के सदस्य हैं।



### कुछ कांग्रेस सदस्यों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर शपथ ली

लोकसभा में शपथ लेते समय कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। विपक्षी सदस्य 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन की बैठक में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे थे। असम के धुबरी से निर्वाचित कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन ने अपने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ पढ़ी। बिहार के सासाराम से कांग्रेस के सदस्य मनोज कुमार ने भी अपने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ग्रहण की। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने संविधान को बड़ा मुद्दा बनाया था।



प्रदेश में बदला मौसम

## सोनीपत-झज्जर में अच्छी बारिश, रोहतक में बूंदाबांदी

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद बादल छाने और कई जिलों में बारिश होने से गर्मी से राहत मिली। कई दिन से लगातार भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने बारिश आने से राहत की सांस ली। सोनीपत, झज्जर में अच्छी बारिश दर्ज की गई। वहीं रोहतक में बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया। हिसार में तेज आंधी से मौसम में बदलाव दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। गर्मी और उमस से अभी राहत मिलने की ज्यादा उम्मीद नहीं है। बारिश होने से तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ेगा। *(पेज 3 भी देखें)*

**गर्मी से राहत मिली**

दोपहर बाद छाए बादल, तेज हवाएं चली मौसम खुशनुमा हुआ, उमस से राहत

**सोनीपत में 31.5 एमएम बारिश**

सोमवार को दोपहर बाद सोनीपत में बदरा जमकर बरसे। शाम तक यहां 31.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। शहर की गलियां पानी से लबालब हो गई। गीता भवन चौक तालाब बन गया और पानी दुकानों में भी घुस गया। वहीं बच्चे व अन्य बारिश के पानी में नहाते हुए नजर आए। बारिश के साथ तेज हवा भी चली। करीब आधे घंटे तक क्षेत्र में लगातार तेज बारिश चली। मौसम विभाग ने अभी यहां तेज हवा व बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**प्रदेश में 27 से मानसून की एंट्री**

मौसम विभाग के अनुसार 27 जून तक मानसून दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में एंट्री ले सकता है और 3 जुलाई तक इन राज्यों को पूरी तरह कवर करके आगे बढ़ेगा। अभी 3-4 दिन में मानसून पूरे मध्य प्रदेश, पूरे बिहार, पूरे झारखंड, पूरे पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से को कवर कर लेगा। इस दौरान भारी बारिश होने की संभावना है।

## नीट यूजी : अब तक 25 पकड़े सीबीआई की छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर में अनियमितताओं को लेकर जांच में अब तक देश के अलग-अलग राज्यों से 24 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार से 13, झारखंड से 5, गुजरात के गोधरा से 5 और महाराष्ट्र के लातूर से 2 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। नांदेड़ एटीएस ने लातूर के 2 टीचर संजय तुकाराम जाधव और जलील खान उमर खान पठान, नांदेड़ के इरन्ना मशनाजी कोंगलवाव और दिल्ली के गंगाधर के खिलाफ पब्लिक एग्जाम एक्ट 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई की टीमें सोमवार को बिहार और गुजरात पहुंची। बिहार ईओयू ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। पटना में पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया की गिरफ्तारी के लिए ईओडी की 6 टीमें अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।

**मामले में सीबीआई की दो टीमें कर रही जांच**

## केजरीवाल की जमानत पर आज फैसला सुनाएगी कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत बरकरार रहती है या नहीं, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट मंगलवार को फैसला सुनाएगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लगा दिया था। 21 जून को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

**साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार**

## प्रधानमंत्री और वीवीआईपी के लिए सड़कें, फुटपाथ खाली करवाए जा सकते हैं तो फिर सबके लिए क्यों नहीं: अदालत

**मुंबई (भाषा)।** बम्बई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था।



**इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व**

**अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे**

### राज्य सख्त कार्रवाई करे

अदालत ने कहा, '' राज्य सरकार को कुछ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। ऐसा नहीं हो सकता कि अधिकारी केवल सोचते ही रहें कि क्या करना है। ऐसा लगता है कि इच्छाशक्ति की कमी है, क्योंकि जहां इच्छाशक्ति होती है वहां हमेशा कोई न कोई रास्ता निकल ही आता है।'' बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एसयू कामदार ने कहा कि ऐसे रेहड़ीवालों और फेरीवालों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं।



हांसी में दिल दहलाने वाली वारदात

## नवविवाहित दंपती की गोलियां मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उमरा रोड़ स्थित लाला हुकुमचंद जैन पार्क में सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे पार्क में घूमने आए एक प्रेमी युगल (पति-पत्नी) की बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। दोनों युवकों ने पार्क में बैठे पति-पत्नी को 7 से 8 गोलियां मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों बदमाश हवा में पिस्तौल लहराते हुए बाइक पर बैठकर फरार हो गए। मृतक युवक-युवती ने करीब दो महीने पहले घर से भागकर शादी की थी। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद मौके पर पहुंच। मौके पर मौजूद साक्ष्य एकत्रित कर दोनों के शवों को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां लड़के की पहचान बडाला निवासी तेजवीर व लड़की की पहचान गांव सुल्तानपुर निवासी मीना के रुप में हुई है। दोनों ने दो महीने पहले घर से भाग कर गाजियाबाद के एक मंदिर में शादी कर ली थी। घर से भाग कर शादी किए जाने लड़की के परिजन दोनों से नाराज बताए जा रहे थे। मृतक तेजवीर नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में मृतक तेजवीर के पिता महताब सिंह के बयान पर सुल्तानपुर निवासी विरेन्द्र, संजय, सतीश, गुड्डी, सचिन, रविन्द्र, जय सिंह, मंगतु, सुभाष, लीला व दरिया वाला निवासी राहुल उर्फ काला के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 147,149,302,506 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**हड़कंप मचा**

बाइक सवार दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, लड़की के परिजन शादी से नाराज

**खबर संक्षेप**

### गुरुकुल के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए कि गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को वित्तीय सहायता उस संस्था में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की 50 से 80 संख्या वाले गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को राज्य सरकार की ओर 2 लाख रुपये प्रति वर्ष वित्तीय मदद दी जाएगी। इसी प्रकार , 80 से 100 संख्या होने पर 3 लाख , 100 से 200 होने पर 5 लाख रुपये तथा 200 से अधिक विद्यार्थी होने पर गुरुकुल /संस्कृत पाठशाला को 7 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

### एचएसएससी में दो सदस्य नियुक्त

**चंडीगढ़।** सरकार ने सोमवार को एचएसएससी में दो सदस्यों को नियुक्त किया। सुभाष चंद्र और साधु राम जाखड़ को आयोग का सदस्य बनाया गया। दोनों की नियुक्ति तीन-तीन साल के लिए की गई। राज्यपाल ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। गौरतलब है कि सरकार भर्ती प्रक्रिया को तेज करना चाहती है। आने वाले तीन माह में हजारों की संख्या में पदों को भरा जाना है। इसलिए भर्ती प्रक्रिया को तेज करने के लिए सरकार ने आयोग के दो और सदस्यों को नियुक्त किया है।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने किया ऐलान**

# तीन माह में 50000 युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

## युवाओं को सीईटी पास करने के बाद नौकरी मिली, निकलने नहीं देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमने तीन माह के अंदर पचास हजार नौकरियां देने की तैयारी कर ली है। सभी विभागों से डिमांड मंगाई गई है, साथ ही आयोग को प्रक्रिया तेज करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय की भावना से नीतियां बनाती है, जिन परिवारों में नौकरी नहीं , अति गरीब हैं, इस तरह के परिवारों को ऊपर उठाने का काम हम करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन हजारों युवाओं ने सीईटी के बल पर नौकरी प्राप्त की है, किसी को भी नौकरी से निकलने नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस के लोग फैसले पर ओछी राजनीति करते हुए भ्रम व झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं लेकिन अंत्योदय की नीति पर चलते हुए हम



■ सामाजिक व आर्थिक आधार पर पांच नंबर देने का फैसला किया था, सरकार उसपर कायम

जरूरत पड़ने पर विधानसभा में विधेयक लाने और रिव्यू में जाने दोनों ही विकल्प खुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीब वर्गों के कल्याण के लिए फैसला लिया था, जिसमें घूमंतू जातियों और अति गरीबों को सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच नंबर देने का फैसला लिया था, जिस पर हम कायम हैं। इसके लिए अगर विशेष सत्र बुलाकर विधेयक लाने के साथ साथ रिव्यू पिटीशन को लेकर भी विचार चल रहा है।

यहां पर उल्लेखनीय है कि सरकार की नौकरियों में सामाजिक और आर्थिक आधार पर 5 अतिरिक्त अंक देने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सरकार ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट(सीईटी) में 1.80 लाख सालाना आय वाले परिवार को आरक्षण दिया था. इसमें परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) वाले युवाओं को ही फायदा दिया जाता था। इससे पहले पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद में हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस पर अदालत ने कहा था कि यह एक आर्टिफिशियल श्रेणी क्यों बनाई जा रही है हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दरवाजा खटखटाया था।

## मुख्यमंत्री व मंत्रियों ने अयोध्या में किए श्री रामलला के दर्शन



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अपने मंत्रिमंडल और विधायकों के साथ अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं और हमें उनके दर्शन करने का मौका मिला है, यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। बड़ी संख्या में लोग श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि हरियाणा में तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने के इच्छुक लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना चलाई है, जिसके तहत अब लोगों को तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने श्रमिकों को भी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है और विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र, जिसे गीता की धरती के नाम से जानते हैं, के विकास पर लगभग 250 करोड़ रुपये की अनेक परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। हाल ही में, कुरुक्षेत्र में संवाद केंद्र और अनुभव केंद्र का उद्घाटन हुआ है। कुरुक्षेत्र में भी प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

# पुलिस की 1374 टीमों ने 743 आरोपी दबोचे, 451 पर केस

## पुलिस ने चलाया आप्रेशन आक्रमण नंबर-11



- अवैध काम करने वालों पर शिकंजा
- लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने पर 2198 चालान

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के नेतृत्व में रविवार को प्रदेश भर में आप्रेशन आक्रमण नंबर-11 चलाते हुए अपराधियों की धरपकड़ की गई। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में 6412 पुलिसकर्मियों की 1374 टीमों द्वारा एक साथ रेड की गई। रेड के दौरान आईपीसी, जुआ अधिनियम, एनडीपीएस, एक्साइज, आर्म्स एक्ट सहित अन्य आपराधिक मामलों से संबंधित धाराओं के तहत 451 मुकदमें दर्ज करके 743 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान प्रदेश में लेन ड्राइविंग उल्लंघना करने वाले 2198 वाहनों के चालान भी किए गए।

सक्रिय कार्रवाई के लिए प्रभावी योजना पुलिस प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा आप्रेशन आक्रमण के तहत पहले आपराधिक गतिविधियों को लेकर सटीक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस अधीक्षकों व पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में 6412 पुलिस जवानों की 1374 टीमों ने अपराध और अपराधियों पर 23 जून सुबह से ही रेड शुरू कर दी जोकि देर सांय तक चली। अलग-2 स्थानों पर एक साथ रेड करके अपराधियों की धरपकड़ की गई। पुलिस ने जिलों में पैनी नजर रख रही है।

## विस चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जितनी बड़ी जीत दिलाई है, उतनी ही बड़ी जीत कांग्रेस को पूरे हरियाणा में दिलानी है। आपकी 4 महीने की मेहनत से 3 करोड़ प्रदेशवासियों का जीवन आसान हो सकता है। अभी से बिना थके विधानसभा चुनाव में जुट जाएं। जीत हासिल करके चंडीगढ़ में सरकार बनाने के बाद एक ही साथ डबल जश्न मनाएं।सैलजा ने कहा है कि उनकी इच्छा तो विधानसभा चुनाव लड़ने की थी, लेकिन सिरसा लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग पर हाईकमान ने उन्हें चुनाव लड़ने का आदेश दे दिया।

## ओबीसी का आरक्षण छीन रही सरकार : नेता प्रतिपक्ष

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि भाजपा पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। इसलिए जब से प्रदेश की सत्ता में भाजपा आई है, वो लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। इसी कड़ी में बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान को क्रीमी लेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हुड्डा ने कहा कि आज केंद्र की क्रीमी लेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है। लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी। इसके चलते पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से ये लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कही जा रही है।



## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद युवाओं का भविष्य दांव पर : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार के नौकरियों में 5 नम्बर अतिरिक्त देने के फैसले को असंवैधानिक करार देने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संविधान विरोधी फैसले से प्रदेश के हजारों युवाओं की नौकरी पर प्रश्न चिह्न लग गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से बाहरी युवाओं को नौकरी देने के लिए बीजेपी 5 नम्बर अतिरिक्त देने का फार्मूला लेकर आई थी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी को गरीब युवाओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने भी बीजेपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

### हथियारों की खेप के साथ चार गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-9 कॉलेज के समीप कार में सवार चार युवकों को भारी मात्रा में अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ी लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों से 6 अवैध ऑटोमेटिक पिस्टल, 5 मैग्जीन, 102 जिंदा कारतूस, 1 कार व 2 मोबाइल फोन बरामद कर सेक्टर-9 थाना में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान रेवाड़ी के 25 वर्षीय दीपक, गुरुग्राम के 30 वर्षीय नगेन्द्र सिंह व 21 वर्षीय साहिल तथा नूंह के 31 वर्षीय धर्मेंद्र के रुप में हुई। आरोपी धर्मेन्द्र व दीपक पर लूट करने के सम्बन्ध में गुरुग्राम में पहले भी केस दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## आज काला दिवस मनाएगी भाजपा कार्यकर्ता संविधान रक्षा की शपथ लेंगे

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी आज आपातकाल के विरोध में भारतीय लोकतंत्र के काले दिवस के रूप में मनाएगी। इसी दिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। आपातकाल की बरसी पर भाजपा कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराएंगे। पार्टी आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर ब्लैक डे मनाएगी। इसके अलावा भाजपा ने 10 जुलाई तक के कार्यक्रम बनाकर कार्यक्रम प्रमुखों की नियुक्ति भी कर दी है।प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने के लिए 25 जून को प्रदेश के सभी 22 जिलों में कार्यक्रम होंगे जिनके प्रमुख वक्ताओं को नियुक्त कर दिया गया है। पंचकूला में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, अंबाला में मंत्री असीम गोयल, गुरुग्राम में पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सिरसा में विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, हिसार में सांसद सुभाष बराला व अन्य जगह भी नेता मौजूद रहेंगे।

# इनेलो ने पांच प्रत्याशियों का ऐलान किया अभय चौटाला ऐलनाबाद से लड़ेंगे चुनाव

**यमुनानगर से दिलबाग सिंह, रादौर से श्याम सिंह राणा, बहादुरगढ़ से स्व. नफे सिंह राठी का परिवार व महेंद्रगढ़ से सुरेंद्र कौशिक उतरेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव ऐलनाबाद से ही लड़ेंगे क्योंकि यहां के मतदाताओं का उन पर काफी एहसान है। अभय चौटाला डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व कुछ अन्य राजनीतिक दल यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि वे आगामी विधानसभा चुनाव ऐलनाबाद हलके से नहीं लड़ेंगे। टिकट वितरण के समय ही सिरसा में अनेक कांग्रेस नेता अन्य दलों में शामिल होंगे और कांग्रेस पिता-पुत्र की पार्टी बनकर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इनेलो



सिरसा। कार्यकर्ता सम्मेलन में इनेलो के प्रधान महासचिव व अन्य नेता।

प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई है जो हरियाणा के अन्य छोटे छोटे राजनीतिक दलों से मिलकर संगठन बनाएगी और चुनाव लड़ेगी। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यमुनानगर से दिलबाग सिंह, रादौर से श्याम सिंह राणा, बहादुरगढ़ से स्व. नफे सिंह राठी के परिवार से, ऐलनाबाद से वे स्वयं तथा महेंद्रगढ़ से सुरेंद्र कौशिक का इनेलो से चुनाव लड़ना सुनिश्चित किया गया है। इससे पूर्व इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान व सिरसा से लोकसभा प्रत्याशी रहे संदीप लोट ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव सांजरवास, ब्लॉक बौंद कलां, जिला चरखी दादरी में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण (एचआरडीएफ) + 3 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 128.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हांसी | गांव गढ़ी मेहंदा में आरडी 78000-एल से 81500-एल तक बीएमपीसी ड्रेन पर पिचिंग समेत और आरडी 7500 बास खरबला ड्रेन पर गेट एवं गियरिंग और 97643-आर बीएमपीसी ड्रेन तथा पम्प हाउस आरडी 157000-आर एस.एस.बी. 104000-एल बीएमपीसी ड्रेन पर गेट एवं गियरिंग का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2024 | 383.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466063030 xen-wshansi.irr@hry.gov.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | जयसिंहपुरा- गांव जयसिंहपुरा, ब्लॉक असंध में जसबीर पुत्र दया के मकान से सुरेश पुत्र जिला तक आईएलपीबी फिरनी का निर्माण। | 20.06.2024 04.07.2024 | 27.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | कैमला - गांव :- कैमला, ब्लॉक घरौंडा में रमेश सिमलाया के खेत से परसा पुत्र छाजू राम के खेत तक रास्ता का निर्माण, स्कीम :- एमएमकेकेएसवाई + 7 कार्य। | 20.06.2024 04.07.2024 | 51.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | गांव गहली, ब्लॉक नारनौल में प्ले ग्राउंड की चारदिवारी का निर्माण + 9 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 370.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज नारनौल | ब्लॉक नारनौल और सिहमा जिला महेन्द्रगढ़ फेज द्वितीय 10 अदद गांवों में स्ट्रीट लाइट कार्य + 3 कार्य। | 21.06.2024 28.06.2024 | 275.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव फतेहगढ़, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में व्यायामशाला में हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 20.06.2024 27.06.2024 | 19.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | वीएएनजीवाई स्कीम 2023-24 के तहत गांव बैरसाल ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में राम गढ़िया चौपाल में चारदिवारी का निर्माण + 11 कार्य। | 20.06.2024 04.07.2024 | 105.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में आरडी 180.990 से 185.750 और 186.800 से 187.360 तक हिसार शहर (हिसार बरवाला रोड) के पुराना एनएच-65 आंतरिक भाग की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 11549) (हिसार निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 3) द्वितीय चरण। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 623.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में (ग्रुप-3) हैड 5054 के तहत जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में 2 अदद सड़कों की विशेष मरम्मत 1. जीन्द-सफीदों रोड से जीन्द-रोहतक रोड वाया जीन्द-गोहाना रोड क्रॉसिंग दिल्ली भटिंडा रेलवे लाइन रोड पर परित्यक्त राजबाहा नं. 7 पर (रोड आईडी 10122), 2. मंदो खेड़ी अप्रोच रोड (रोड आईडी 6615)। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 464.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098053 pwdeepdjind@gmail.com |
| 11 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | पटेल नगर, गुरुग्राम के निकट मकान नं. 30-बी, ऑफिसर कॉलोनी का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 26.06.2024 | 9.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला, जिला हिसार में बैटरी बैंक सहित ग्रिड/हाईब्रिड सोलर पावर प्लांट पर 20 केडब्ल्यू की स्थापना + 2 कार्य। | 20.06.2024 03.07.2024 | 26.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प करनाल | उपायुक्त कार्यालय, लघु सचिवालय, सोनीपत में स्थापित ईपीएबीएक्स सिस्टम की मरम्मत का प्रावधान + 5 कार्य। | 24.06.2024 02.07.2024 | 18.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत नरवाना निर्वाचन क्षेत्र के 4 अदद रोड की विशेष मरम्मत (i) जीन्द जिले में कलायत से कुराड से दत्ता सिंहवाला रोड पर गांव धनौरी में साइड ड्रेन का निर्माण (रोड आईडी 6769) (ii) जीन्द जिले में आरडी 0.00 से 0.70 कि.मी. तक बैलरखा से अम्बरसर रोड पर सीसी पेवमेंट के प्रावधान द्वारा रोड की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 6750) (iii) जीन्द जिले में (सिटी पोर्शन नरवाना) कि.मी. 0.00 से 2.33 तक एनएच-71 से ढाणी रोड पर बर्म्स पर 80 मिमी मोटी आईपीबी का प्रावधान व बिछाना (रोड आईडी 6765) (iv) जीन्द जिले में (सिटी पोर्शन नरवाना) ढाकल बाईपास रोड पर आरडी 1.19 से 1.85 कि.मी. तक मजबूतीकरण और कि.मी. 0.00 से 1.19 तक बर्म्स पर 80 मिमी मोटी आईपीबी का प्रावधान व बिछाकर विशेष मरम्मत (रोड आईडी 6810)। | 21.06.2024 05.07.2024 | 347.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरुग्राम जिले में जी.ए. रोड से धुमसपुर वाया नयागांव कि.मी. 0.00 से 10.03 पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3108 और 3076)। | बंद होने की तिथि 06.07.2024 | 711.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खांडावाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में आईपीबी और साइड ड्रेन्स सहित फिरनी की पेवमेंट एचजीवीवाई। | 18.06.2024 02.07.2024 | 82.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 22.06.2024 28.06.2024 | 9.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (बी. प्लान) सामान्य + 1 कार्य। | 22.06.2024 28.06.2024 | 36.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज कैथल | गांव जाखौली डबडल में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 27 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 150.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज कैथल | हजवाना, बस क्यू शैल्टर (हजवाना) का निर्माण + 2 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 62.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज हिसार | पाबरा, उकलाना, कानोह रोड से डी/ओ बसाऊ तक बीओई रास्ता की पेवमेंट (एचजीवीवाई) + 14 कार्य। | 21.06.2024 11.07.02024 | 387.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में 0.6 एकड़ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 9 कार्य। | 21.06.2024 08.07.2024 | 546.8 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज फतेहाबाद | माजरा- गांव माजरा ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में मेन भुना रोड से डी/ओ इन्द्रपाल एस/ओ रणसिंह तक आईपीबी रास्ता का निर्माण एचजीवीवाई + 7 कार्य। | 22.06.2024 01.07.2024 | 271.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 24 | पंचायती राज फतेहाबाद | सलाम खेड़ा- गांव सलाम खेड़ा, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में जी/घाट में शवदाह शैड का निर्माण (एचजीवीवाई) + 5 कार्य। | 20.06.2024 28.06.2024 | 399.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 25 | पंचायती राज फतेहाबाद | चौबारा - गांव चौबारा, ब्लॉक भुना में ढाणी दलीप ढाका से भरत सिंह बिछ्छर के खेत तक (रास्ते की कुल लम्बाई 1.13 कि.मी.) आईपीबी रास्ता की पेवमेंट हेतु आकलन, एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 22.06.2024 08.07.2024 | 377.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 26 | पंचायती राज महम, रोहतक | जैड.पी.डी.पी. आपूर्ति प्लान 2022-23 के तहत गांव गिरावड़, ब्लॉक महम में पंचायती भूमि की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 21.06.2024 28.06.2024 | 7.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज करनाल | गांव भरतपुर, ब्लॉक घरौंड़ा में लोनिवि रोड से शमशान घाट तक आईएलपीबी सहित रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 21.06.2024 05.07.2024 | 55.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव मेहरा (पीएस) में पार्क का निर्माण + 11 कार्य। | 21.06.2024 01.07.2024 | 90.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव पांची, राजलूगढ़ी, और भोगीपुर, ब्लॉक गन्नौर में एसडब्ल्यूएम शैड का निर्माण + 2 कार्य। | 21.06.2024 27.06.2024 | 47.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 30 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सेवली, ब्लॉक राई में जयभगवान पुत्र लालचंद खेत से सुरेश पुत्र मांगे के खेत तक आईपीबी रास्ते की पेवमेंट। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 54.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 31 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | वार्षिक रखरखाव जलापूर्ति सिरसा टाउन - सिरसा शहर में विभिन्न स्टेशनों पर क्लोरिन गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग और गैसियस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरिनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। (छह वर्ष की अवधि के लिए) | 22.06.2024 05.07.2024 | 147.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/620/27110/I/88/6 दि. 24.06.24

## खबर संक्षेप

### युवक-युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

**आदमपुर।** निकटवर्ती गांव ढाणी मोहबतपुर में युवक-युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड कर ली। मामले को प्रेम-प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार ढाणी मोहब्बतपुर के महेंद्र के खेत में सुबह युवक कुलदीप व युवती कोमल के शव पड़े हुए मिले। महेंद्र रिश्ते में कोमल का चाचा लगता हैं। दोनों ने कीटनाशक निगला हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

### फैक्टरी में 12 लाख से ज्यादा की राशि चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित फैक्टरी से 12 लाख रुपये से ज्यादा की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने दरवाजे पर लगे शीशे को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग के कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दी। फैक्टरी परिसर में लगे सीसीटीवी में चोरी की वारदात कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### गांव हडोली में बंद पड़ी प्लाईवुड फैक्ट्री में पांच नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात

# फैक्ट्री के दो चौकीदारों को बंधक बनाकर लूटे ट्रांसफार्मर के पार्ट्स व अन्य सामान

- पुलिस ने पांच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ किया केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर**

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव हडोली में पांच नकाबपोश बदमाशों ने बीती रात बंद पड़ी प्लाइवुड फैक्ट्री के दो चौकीदारों को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर के पार्ट्स और अन्य सामान चोरी कर लिया। जाते हुए बदमाश फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव हडोली में प्लाईवुड फैक्ट्री कई माह से बंद पड़ी है। फैक्ट्री में जयराम व राजेश रात को चौकीदारी करते हैं। रविवार रात को दोनों फैक्ट्री में मौजूद थे। तभी पांच नकाबपोश बदमाश फैक्ट्री के पिछले गेट से अंदर आए।



**यमुनानगर।** गांव हडोली में प्लाइवुड फैक्टरी में हुई लूट के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### सीसीटीवी की डीवीआर भी साथ ले गए बदमाश

आरोपियों ने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उन दोनों पर देसी कट्टा तान दिया। इसके बाद बदमाशों ने फैक्ट्री में लगे ट्रांसफार्मर के पार्ट्स खोलने शुरू कर दिए। आरोपी बदमाश ट्रांसफार्मर से पार्ट्स लेकर भाग गए। जाते हुए आरोपी फैक्टरी में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। आरोपियों के जाने के बाद उन दोनों ने घटना की सूचना फैक्ट्री मालिक को दी। फैक्ट्री मालिक ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने फैक्ट्री में पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, सब इंस्पेक्टर देवराज ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अबूब शहर में पेट्रोल पंप पर नगदी लूटी

**डबवाली।** गांव अबूबशहर क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप के करिंदों को बंधक बनाकर अज्ञात लुटेरे नगदी व मोबाइल लूट ले गए। मिली जानकारी अनुसार गोमा किसान सेवा केंद्र नामक इस पेट्रोल पंप में कल रात 4 युवक आए। इन सब ने अपने मुंह ढक रखे थे। आते ही इन लोगों ने पेट्रोल पंप के करिंदों कमल व पवन कुमार को बंदी बना लिया। इसके बाद ने इन अज्ञात लुटेरों ने पंप की तलाशी ली। इस दौरान वहां रखी करीब 7000 रुपए की नगदी व मोबाइल फोन उठाकर बदमाश फरार हो गए। लुटेरों के जाने के बाद करिंदों ने पंप मालिक व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उमस ने किया बेहाल, 27 से प्री मानसून के आसार

- इस बार प्रदेश में होगी सामान्य बरसात : मौसम विभाग
- गर्मी के कारण ओवरलोड चल रहे ट्रांसफार्मर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद**

प्रदेश के कई क्षेत्रों में प्री मानसून की बारिश के बाद वहां के तापमान में गिरावट देखने को मिली है जबकि पुराने हिसार जिला में फिर तेज धूप ने लोगों को निराश किया है। इन दिनों यहां का तापमान 45 डिग्री के पास घूम रहा है जबकि प्री मानसून के संकेत लिए उमस ने भी लोगों को पसीने से भिगोना शुरू कर दिया है। हालात यह है कि लोग धूप व पसीना दोनों से परेशान हैं। एक ओर गर्मी से लोग परेशान हैं वहीं बिजली के घंटों लग रहे कटों ने उनकी परेशानियों को ओर बढ़ा दिया है। सोमवार को भी ओवरलोड के चलते फतेहाबाद जिले कई घंटे तक बिजली गुल रही।

एचएयू हिसार के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि 26 जून तक मौसम खुश्क व परिवर्तनशील रहेगा। 27 जून से प्री मानसून बरसात की शुरूआत होने की संभावना बन रही है। हालांकि आईएमडी बारिश की भविष्यवाणी 30 जून के बाद कर रही है। 30 जून तक प्रदेश में मानसून आ जाएगा। ऐसे में 4-5 दिन लोगों को गर्मी झेलनी पड़ सकती है। उम्मीद है कि उसके बाद बारिश होगी और लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने हरियाणा के 6 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी शामिल हैं। अन्य जिलों की अपेक्षा गर्मी अधिक पड़ेगी, 20 से 30 किलोमीटर स्पीड से चलने वाली गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती है।

प्रदेश में दिन के साथ ही रात के तापमान में में भी बढ़ोतरी हुई है। फतेहाबाद में न्यूनतम तापमान सबसे कम 31 डिग्री तापमान रहा। यह सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग पहले ही कह चुका है कि इस बार हरियाणा में सामान्य बरसात होगी।

## आज से लाइव होंगे सीनियर सेकेंडरी व सेकेंडरी परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र

- सीनियर सेकेंडरी कम्पार्टमेंट की परीक्षा 3 जुलाई को होगी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा जुलाई.2024 तथा सैकेण्डरी शैक्षिक कम्पार्टमेंट अंक सुधार पूर्ण विषयों की परीक्षा के प्रवेश-पत्र एडमिट कार्ड आज से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की बेबसाइट पर दिए गए लिंक से पिछला अनुक्रमांक व नाम पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं। प्रदेशभर में इन परीक्षाओं में 28 हजार 280 परीक्षार्थी 75 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ होंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक कम्पार्टमेंट एक दिवसीय परीक्षा 3 जुलाई बुधवार को संचालित होगी। इस परीक्षा में 20 हजार 707 परीक्षार्थी, जिनमें 12,529 छात्र तथा 8,178 छात्राएं प्रदेशभर में 75 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। इसी प्रकार सैकेंडरी शैक्षिक कम्पार्टमेंट व अंक सुधार व पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 04 जुलाई से आरम्भ होकर 11 जुलाई तक संचालित होंगी। इस परीक्षा में 07 हजार 573 परीक्षार्थी जिनमें 4 895 छात्र तथा 2 678 छात्राएं प्रदेशभर में 28 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ठ हो रहे हैं। परीक्षाओं की गरिमा को बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण के लिए 26 प्रभावी उडनदस्तों का गठन किया गया है। यदि किसी परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र में फोटो, हस्ताक्षर व अन्य विवरणों में कोई त्रुटि है तो परीक्षा से पहले बोर्ड कार्यालय में आकर शुद्धि अवश्य करवा लें।




### धोखाधड़ी कर महिला के खाते से निकाले 5 लाख 36 हजार रुपये

**खरखौदा।** गांव हलालपुर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा से एक महिला के खाते से धोखाधड़ी करके 5 लाख 36 हजार रुपये निकाले गए हैं। रोहिणी दिल्ली निवासी संतोष मान का कहना है कि वर्ष 2007 में वह केंद्रीय विद्यालय नाहरा में पीआरटी के पद पर कार्यरत थी। उसके बाद इसी वर्ष उसका तबादला रोहिणी सेक्टर 8 में हो गया। उसका पुराना खाता हलालपुर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में खुला हुआ था। उसका सारा वेतन इस खाते में जमा होता था। दूर होने के कारण वह अपने खाते में कोई लेन देन नहीं कर पाई। 30 जनवरी को उसने आवश्यक दस्तावेज देकर खाता चालू रखने के लिए दिए तो उसे पता चला कि किसी फर्जी व्यक्ति के नाम तत्कालीन बैंक मैनेजर ,अकाउंटेंट, कैशियर व अन्य कर्मचारियों ने खाता खोलकर उसके पैसे उस फर्जी आदमी को दे दिए हैं। जो उसके खाते से कुल राशि 5 लाख 36 हजार निकाली गई है।

## 33 करोड़ की ठगी में छह क्रिकेट बुकीज दबोचे

- सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा**

स्पेशल पुलिस टीम ने डबवाली रोड पर स्थित राइस मिल मशीनरी उपकरण बनाने वाली कंपनी एसएफ फूड प्रो टेक लिमिटेड संचालक संजीव गुप्ता के साथ हुई करीब 33 करोड़ रुपये की ठगी मामले के आरोपी फतेहाबाद व सिरसा के छह क्रिकेट सट्टा बुकीज को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल निवासी रानियां गेट सिरसा, संजय निवासी अग्रवाल कॉलोनी फतेहाबाद, दिनेश निवासी शिव चौक सिरसा, शुभम निवासी बेगू रोड सिरसा, अजय निवासी नोहरिया बाजार सिरसा तथा हरपाल निवासी गोल डिग्गी, सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी 6 आरोपियों को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर जहां गबन व ठगी की राशि बरामद की जाएगी, वहीं इस घटना में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया है कि पकड़े गए सभी आरोपी क्रिकेट सट्टा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कंपनी (फैक्ट्री) संचालक संजीव गुप्ता निवासी सी ब्लॉक की शिकायत पर बीती 1 जून 2024 को विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत शहर के सिविल लाइन थाना में मामला दर्जकर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए आरोपियों को फतेहाबाद व शहर सिरसा से काबू किया। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री के मुनीम साकेत कुमार निवासी ईरा-कॉलोनी बरनाला रोड सिरसा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जोकि फिलहाल सिरसा जेल में बंद है। उन्होंने बताया कि मुनीम साकेत कुमार उक्त कंपनी में पिछले करीब 15 सालों से कार्यरत था तथा कंपनी का करीब 50 अन्य कंपनियों से लेनदेन का कार्य होता था। उन्होंने बताया कि मुनीम साकेत कुमार ने कंपनी संचालक व अन्य पारिवारिक सदस्यों के विश्वास का नाजायज फायदा उठाया तथा गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों के साथ षडयंत्र रचकर उनके खातों में पैसे ट्रांसफर करवाता था तथा क्रिकेट सट्टा लगाता था। पुलिस जांच के दौरान सामने आया है कि आरोपी कंपनी के मुनीम साकेत कुमार को क्रिकेट सट्टा की फैयरवेट-7 की आईडी उपलब्ध करवाते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किया गया मुनीम साकेत कुमार उपरोक्त पकड़े गए सभी आरोपियों के संपर्क में था तथा उनसे मिलकर कंपनी का पैसा क्रिकेट सट्टा में इनवेस्ट करता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जो भी व्यक्ति इस मामले में संलिप्त पाया गया, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**सिरसा।** पुलिस द्वारा ठगी के मामले में पकड़े गए आरोपी क्रिकेट बुकिज।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1.55 करोड़ ठगे

- व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ने पर आया ठगों के झांसे में

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी**

धारूहेड़ा की द्वारकाधीश सोसायटी में रहने वाला एक व्यक्ति शेयर मार्केट में निवेश करने का ऑनलाइन प्लान समझने के बाद लगभग 1.55 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार हो गया। मूल रूप से गुरूग्राम के कासन निवासी पवन कुमार ने बताया कि इस समय वह द्वारकाधीश सोसायटी में रह रहा है। वह शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहता था। सोशल साइट से मिले नंबर के बाद वह व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ गया। शुरूआत में उसे 10 हजार रुपये इन्वेस्ट करने को कहा गया। इसके बाद वह लगातार उनके जाल में फंसता चला गया। उसने 2 मई को उनके बताए खाता नंबर पर 1 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद 6 मई को 15 लाख, 8 मई को 15 लाख, 9 मई को 4 लाख, 10 मई को 10 लाख व 14 मई को 10 लाख रुपये जमा करा दिए। उसने कुल मिलाकर चैट करने वाले की ओर से बताए खाता नंबरों पर गत 5 जून तक 15460000 रुपये जमा करा दिए। व्हाट्स एप ग्रुप पर उसे लगभग 15 करोड़ मुनाफा होना दर्शाया गया। जब उसने मुनाफे की राशि उसके बैंक खाते में ट्रांसफर करने को कहा तो अपने साथ ठगी का पता चला।

## खुलासा : बेटी निकली मां और भाई की हत्यारिन, गिरफ्तार

- प्रॉपर्टी हड़पने के चक्कर में ममेरे भाई के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर**

शहर की आजाद नगर कॉलोनी गली नंबर दो में हुए डबल मर्डर केस की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने मामले में मां और भाई की हत्या करने वाली बेटी काजल को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि काजल ने प्रॉपर्टी हड़पने के चक्कर में अपने ममेरे भाई कृष के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी काजल को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में दूसरे आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक मीना के दो भाई जय प्रकाश व शिवम और एक बहन किरण है। जय प्रकाश और उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। जय प्रकाश का लड़का कृष अपने चाचा शिवम के पास रहता है। मृतक मीना की मां बबली के नाम शहर के गीता भवन मंदिर के पास एक मकान था। मरने से पहले बबली ने मीना को अपना वारिश घोषित कर दिया था। जिस कारण कृष व अन्य सदस्यों को डर था कि मीना इस घर को अपने नाम न करवा ले। काजल ने कृष को अपने साथ मिलाया और दोनों की हत्या करने का प्लान बनाया। प्लान के तहत दोनों ने गत रविवार सुबह करीब 10 बजे से 11 बजे के बीच दोनों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी और घर में चोरी की झूठी कहानी गढ़ी।



**यमुनानगर।** डबल मर्डर केस में आरोपी को कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

### झूठी निकली चोरी की घटना

हत्या करने के बाद काजल ने अपनी मां के मोबाइल से डायल 112 पर कॉल किया और घर में चोरी होने की बात कही। मगर जब पुलिस मौके पर पहुंचकर मोबाइल नंबर पर फोन करती रही तो किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद जब पुलिस हत्या की सूचना मिलने पर उनके घर पहुंची तो जांच में सामान बिखरा हुआ था मगर किसी भी तरह की चोरी की बात सामने नहीं आई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो उनके घर में एक युवक जाता हुआ और कुछ देर बाद वापस आता दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि वह आरोपी युवक कृष है।

### संदेह के घेरे में थी काजल : थाना प्रभारी

शहर यमुनानगर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि मृतका की बेटी काजल शुरू से ही संदेह के घेरे में थी। उसे देर शाम गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी कृष को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मंदिर जा रहे थे श्रद्धालु एक की मौत, दो घायल

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। ऑटो में सवार श्रद्धालु राजस्थान के भिवाड़ी स्थित मंदिर जा रहे थे। यूपी के शहजानपुर निवासी भगवान दास पाल ने कहा कि वह गुरुग्राम के न्यू पालम विहार में किराए पर रहता है। रविवार की रात को वह अपने दोस्त शहजानपुर के ही अनिल पाल, रवनीश पाल, श्रीपाल व यूपी के पीलीभीत निवासी विकास बाबू तथा अलीगढ़ के संतोष के साथ उसके ऑटो में भिवाड़ी के सोहनबाबा मंदिर के लिए चले थे। रात ट्रक ने ऑटो में साइड से टक्कर मार दी। हादसे में रवनीश, विकास बाबू व अनिल पाल घायल हो गए। सिविल अस्पताल में रवनीश की मौत हो गई।

### आईजीयू में एमकॉम में प्रवेश के लिए 27 जून तक करें आवेदन

**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में संचालित एमकॉम एवं पांच वर्षीय एमकॉम कोर्स में प्रवेश के लिए 27 जून 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सभी अभ्यर्थियों को इसकी हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आठ जुलाई 2024 तक संबंधित विभाग में जमा करवानी होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदिति शर्मा ने बताया कि पांच वर्षीय एमकॉम और एमकॉम में 60-60 सीटें है। पांच वर्षीय एमकॉम के लिए बारहवीं के विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा एससी उम्मीदवार के लिए अंकों की आवश्यकता 47.5 प्रतिशत रहेगी। पांच वर्षीय एमकॉम में प्रवेश एकेडमी मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। दो वर्षीय एमकॉम के लिए ग्रेजुएशन में 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा एससी उम्मीदवार के लिए अंकों की आवश्यकता 47.5 प्रतिशत रहेगी।

### भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दलों के टिकट की चाहत रखने वाले अपने आकाओं से करने लगे संपर्क

# साधू-राह विधानसभा के चुनावी रण में तेज होने लगी जंग

- टिकट नहीं मिली तो दावेदार बिगाड़ सकते हैं अपने राजनैतिक दलों की जीत का गणित

**भगवान सिंह राणा ▸▸ यमुनानगर**



बलवंत सिंह



चौधरी दाताराम



रेणु बाला



राजपाल भूखड़ी



पिंकी छप्पर



सुषमा चौधरी



रवि चौधरी

लोकसभा चुनाव के बाद साढ़ौरा विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने को लेकर कांग्रेस काफी उत्साहित है। क्योंकि साढ़ौरा सीट पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को 40,055 मतों के भारी अंतर से पछाड़ कर जीत हासिल की है। यही वजह है कि साढ़ौर विधानसभा सीट पर अब विधायक के लिए टिकट हासिल करने के लिए दावेदारों की लंबी फौज खड़ी हो गई है। वहीं, भाजपा में भी कई दावेदार टिकट पाने के लिए जोड़तोड़ में लगे हैं। यही हाल बसपा व इनेलो का भी है। जबकि जजपा में अभी साढ़ौरा सीट पर कोई नाम उभरकर सामने नहीं आ रहा है। क्यास लगाए जा रहे हैं कि जजपा विधानसभा चुनाव में भी लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी रही किरण पुनिया को चुनाव मैदान में उतार सकते हैं। खास बात यह है कि इस बार की स्थिति को देखते हुए सभी राजनैतिक दलों के दावेदार टिकट नहीं मिलने पर अपने-अपने दल के लिए जीत का गणित बिगाड़ सकते हैं। देखना यह है कि साढ़ौरा विधानसभा सीट पर कौन सा राजनैतिक दल अपने किस दावेदार पर दांव लगाता हैण।

### लोकसभा चुनाव में यह रही मतों की स्थिति

लोकसभा चुनाव-2024 के महापर्व में साढ़ौरा विधानसभा सीट पर कुल 1,66,664 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी वरूण चौधरी को सर्वाधिक 98531 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को कुल 58476 मत मिले और कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्हें 40055 मतों के अंतर से भारी शिकस्त दी। जबकि तीसरे नंबर पर बसपा प्रत्याशी पवन रंधावा को 4426 मत मिले। वहीं, इनेलो को 1047 और जजपा प्रत्याशी को मात्र 425 मत हासिल हुए। खास बात यह है कि लोकसभा चुनाव में नोटा जजपा से अधिक 431 मत हासिल करने में सफल रहा।

### कांग्रेस समेत इन दलों में कई-कई दावेदार

लोकसभा चुनाव में साढ़ौरा में लोगों का भारी समर्थन मिलने के बाद कांग्रेस में दावेदारों की फौज बढ़ गई है। जिन्में अभी तक मौजूदा विधायक रेणु बाला प्रबल दावेदार के रुप में उभर कर सामने आ रही हैं। इनके अलावा पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी, बृजपाल छप्पर, पिंकी छप्पर व उषा कमल भी टिकट पाने की दौड़ में दिखाई दे रहे हैं। वहीं, भाजपा में साढ़ौरा से तीन बार विधायक रह चुके पूर्व विधायक बलवंत सिंह प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इनके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी रहे चौ.दाताराम व कुसम समेत कई अन्य दावेदार भी टिकट पाने के लिए अपने आकाओं से जोड़तोड़ करने में लगे हैं। इनेलो में पूर्व प्रत्याशी रही सुषमा व सुरेश कांहड़ी को दावेदारों की दौड़ में बताया जा रहा है। बसपा में प्रबल दावेदारों में प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री रहे स्व. चौ. शेर सिंह के बेटे रवि चौधरी का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है।

हालांकि सूरता राम बकाला समेत कई अन्य नेता भी टिकट पाने की दावेदारी जता रहे हैं। जबकि जजपा में अभी कोई नाम उभरकर सामने नहीं आ रहा है। साढ़ौरा विधानसभा चुनाव में मुख्य राजनैतिक दलों में टिकट पाने की चाहत रखने वाले कई-कई दावेदार दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि टिकट नहीं मिलने की स्थिति में कई राजनैतिक दलों के दावेदार अपने ही दल की जीत का समीकरण बिगाड़ने की स्थिति में हैं। अब देखना यह है कि साढ़ौरा विस चुनाव के रण में कौन किस दल का प्रत्याशी बनता है और कौन खाली हाथ रहता है। टिकट वितरण होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### रणनीति बनाने में जुटे दल

हरियाणा विधानसभा चुनाव होने में अब मात्र 120 दिन से भी कम समय बचा है। जिसके लिए चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। सभी राजनैतिक दल और उनके दावेदार अपने-अपने तरीके से चुनाव मैदान में अपनी जीत सुनिश्चित करने में जुट गए हैं। अभी तक जो आंकड़े उभरकर सामने आ रहे हैं। उनमें एक बार फिर कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होता नजर आ रहा है। जबकि बसपा भी साढ़ौरा विधानसभा सीट पर इस बार अपने प्रतिद्वंधियों को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में दिखाई दे रही है। इनेलो और जजपा भी साढ़ौरा के रण में जीत हासिल करने के लिए अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं।

# पहले से कही अधिक मजबूत समूह, सर्वश्रेष्ठ आना बाकी : अदाणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि उनका बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा समूह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है और इसका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। उन्होंने रिकॉर्ड कमाई, नकदी की मजबूत स्थिति और सबसे कम कर्ज अनुपात का हवाला देते हुए यह बात कही। अदाणी ने कहा कि भारत 2032 तक 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है और बुनियादी ढांचे के 20-25 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,500 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 'ऐसे में अदाणी समूह एक बुनियादी ढांचा कंपनी होने के नाते आने वाले इस अवसर का लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है।'

- समूह ने दिया सबसे कम कर्ज अनुपात का हवाला

## बंदरगाह से लेकर ऊर्जा कारोबार से जुड़ा है समूह

### नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का विकास

अदाणी ने गुजरात के खावड़ा में अपने समूह द्वारा विकसित किए जा रहे 30 गीगावाट (30,000 मेगावाट) क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा पार्क का उल्लेख किया। यह सौर पार्क बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों को बिजली देने के लिए पर्याप्त होगा। धारावी पुनर्विकास का जिक्र किया जो दुनिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती में आमूल-चूल बदलाव लाएगा।



### हमने 45 फीसदी की वृद्धि हासिल की

अदाणी ने कहा, 'हमने जो कदम उठाया, उसके परिणाम वित्तीय आंकड़ों में दिखते हैं। हमने 2023-24 में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। हमने 82,917 करोड़ रुपये यानी लगभग 10 अरब डॉलर का अपनी उच्चतम कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) अर्जित की। इसमें 45 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### अदाणी हुए 62 साल के

समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. के शेयरधारकों की सालाना बैठक में उन्होंने पिछले साल अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी की रिपोर्ट के बाद आए अभूतपूर्व संकट का जिक्र किया। सोमवार को 62 साल के हुए अदाणी ने कहा, हमें एक विदेशी निवेश और 'शॉर्ट सेलर' कंपनी के निराधार आरोपों का सामना करना पड़ा।

### अदाणी ने हिंडनबर्ग के आरोपों से किया था इंकार

हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर शेयरों के मूल्य में हेराफेरी, अकउंटिंग के स्तर पर धोखाधड़ी, मुखौटा कंपनियों का एक जटिल जाल बनाकर नियमों की अनदेखी कर समूह की कंपनियों में निवेश करने जैसे आरोप लगाये।

## खबर संक्षेप

### सोने में 120 रुपए की गिरावट और चांदी 400 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सोना 120 रुपये के नुकसान के साथ 73,480 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी।

### एलएंडटी को बिहार में मिला सौर संयंत्र का ठेका

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलएंडटी को बिहार में ग्रिड से जुड़े सौर संयंत्र और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाने का महत्वपूर्ण ऑर्डर मिला है। अनुबंध का मूल्य 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में कहा कि यह ठेका एलएंडटी के बिजली पारेषण और वितरण खंड को मिला है।

### क्रिसुमी आवास निर्माण पर करेगी 2000 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** रियल्टी एस्टेट कंपनी क्रिसुमी कॉरपोरेशन गुरुग्राम में आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के बीच अपनी विस्तार योजना के तहत 1,051 लग्जरी अपार्टमेंट बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जापान की सुमितोमो कॉरपोरेशन का संयुक्त उद्यम है। यह गुरुग्राम के सेक्टर-36ए में पहले से ही एक बड़ी लग्जरी टाउनशिप 'क्रिसुमी सिटी' विकसित कर रहा है। 433 इकाइयों वाला पहला चरण 'वाटरफॉल रेजिडेंस' पूरा होने वाला है, जबकि 320 इकाइयों वाला दूसरा चरण 'वाटरफॉल सूट' वर्ष 2028 में पूरा होगा। सोमवार को एक बयान में क्रिसुमी ने कहा कि वह 1,051 लग्जरी इकाइयों वाली अपनी टाउनशिप के 'चरण 3 और चरण 4 में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

## रिटेलर 3000 मीट्रिक टन तक गेहूं का स्टॉक रख सकते हैं

# केंद्र ने गेहूं पर भंडारण सीमा लगाई, कीमतों पर नियंत्रण के लिए आयात शुल्क घटाने पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली।

केंद्र ने गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के किसी भी प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया और कहा कि खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरत पड़ने पर खाद्यान्न पर आयात शुल्क में कमी सहित अन्य नीतिगत विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। वर्तमान में गेहूं पर 40 प्रतिशत आयात शुल्क है।

### देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता

निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है और बाजार में सट्टेबाजी और खाद्यान्न की जमाखोरी को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

### गेहूं की कमी सिर्फ 3 लाख टन सिर्फ

चोपड़ा ने समझाया कि इसलिए गेहूं की कमी (शुरुआती स्टॉक में) सिर्फ 3 लाख टन का ही है। खाद्य कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जो लगभग 184 लाख टन है, आवश्यकतानुसार बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

*केंद्र ने सोमवार को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडार रखने की सीमा को तय कर दिया। इस पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना और कीमतों को काबू में रखना है। गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2025 तक वैध रहेगी।*

- गेहूं पर स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक वैध रहेगी
- पहल का मकसद जमाखोरी को रोकना व कीमतों पर काबू पाना है
- गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने से केंद्र ने किया इंकार



### सभी राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लागू

यह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा। स्टॉक सीमा प्रत्येक इकाई पर व्यक्तिगत रूप से लागू होगी। जैसे व्यापारी/थोक व्यापारी- 3000 टन, बड़े खुदरा श्रृंखला विक्रेता- प्रत्येक बिक्रीकेन्द्र के लिए 10 टन तथा उनके सभी डिपो और प्रोसेसर के लिए 3000 टन है।



### तुअर व चना दाल पर भी स्टॉक सीमा लगी

चोपड़ा ने कहा, 'मैं देश में गेहूं की कमी को दूर करना चाहता हूं...हम चाहते हैं कि गेहूं की कीमतें स्थिर रहें।' पिछले हफ्ते केंद्र ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए तुअर और चना दालों पर स्टॉक सीमा लगा दी थी।

### आदेश आज से ही प्रभावी

यदि उनके पास मौजूद स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है तो उन्हें इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा। एक सरकारी बयान के अनुसार लाइसेंस आवश्यकताएं हटाना, स्टॉक सीमाएं और निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर आवाजाही प्रतिबंधों को हटाना (संशोधन) आदेश 24 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है।

### हर शुक्रवार को स्टॉक की घोषणा करनी होगी

चोपड़ा ने कहा कि स्टॉक सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं पर लागू होगी। उन्हें हर शुक्रवार को एक पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा करनी होगी।

# टाटा मोटर्स के विभाजन से तालमेल बैठाने में मदद मिलेगी : चंद्रशेखरन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि मौजूदा वाहन कारोबार को दो सूचीबद्ध इकाइयों में बांटने से यात्री वाहन एवं जेएलआर खंडों के बीच ईवी और स्वचालित वाहनों के क्षेत्र में तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी। टाटा मोटर्स की 79वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) को संबोधित करते हुए चंद्रशेखरन ने कहा कि प्रस्तावित विभाजन से प्रत्येक कंपनी ग्राहकों को बेहतर अनुभव, कर्मचारियों के लिए बेहतर विकास संभावनाएं और शेयरधारकों के लिए बेहतर मूल्य प्रदान करने में सक्षम होगी। चंद्रशेखरन ने कहा, 'इस कदम से यात्री वाहन, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और जेएलआर में विशेष रूप से ईवी, स्वचालित वाहनों (एवी) और वाहन सॉफ्टवेयर के क्षेत्रों में काफी तालमेल सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।' यात्री वाहन खंड को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत वाणिज्यिक वाहन व्यवसाय और उससे संबंधित निवेश एक कंपनी का हिस्सा होंगे जबकि इलेक्ट्रिक वाहन, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) और संबंधित निवेश सहित यात्री वाहन कारोबार दूसरी सूचीबद्ध कंपनी का हिस्सा बनेंगे।

- टाटा मोटर्स के 79वीं वार्षिक आमसभा को चेयरमैन ने संबोधित किया

इस साल रेंज रोवर का पहला ईवी मॉडलः इसके साथ ही टाटा मोटर्स के चेयरमैन ने कहा कि अगले तीन वर्षों में पेश किए जाने वाले उत्पादों की एक रोमांचक श्रृंखला है। इस साल कंपनी रेंज रोवर मॉडल का पहला इलेक्ट्रिक संस्करण लाने वाली है और आने वाले समय में जगुआर का इलेक्ट्रिक अवतार भी पेश करने की योजना है।

ग्राहक अनुभव को बढ़ाने पर ध्यानः चंद्रशेखरन ने शेयरधारकों से कहा कि ये तीनों व्यवसाय अपनी वित्तीय ताकत में सुधार और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Dr. Monika Khanagwal
Additional Civil Judge (Senior Division),
Vinay Kumar
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-000216-2021
Next Date:- 25-07-2024
For grant of Succession Certificate
PUBLICATION ISSUED TO :
General Public:-
Haryana
In above titled case, the defendant (s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 25.07.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar
Sd/- (Dr. Monika Khanagwal)
Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 15-06-2024

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ब्रिटानिया के तारातला संयंत्र में वीआरएस योजना स्वीकार

**कोलकाता।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कोलकाता के तारातला कारखाने के सभी स्थायी कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) स्वीकार कर ली है। स्थायी कर्मियों द्वारा वीआरएस स्वीकार किये जाने से कंपनी के कारोबारी परिचालन पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने हाल ही में तारातला संयंत्र के सभी स्थायी कर्मचारियों के वीआरएस स्वीकार करने की जानकारी शेयर बाजार को दी थी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 131 अंक मजबूत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 131 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच बिजली, वाहन और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आयी। कारोबारियों के मुताबिक, इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली दबाव देखा गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 131.18 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,341.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 36.75 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,537.85 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'इस सप्ताह वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और प्रमुख सूचकांक शुरूआती कारोबार में तेजी से गिरने के बाद हल्की मजबूती के साथ बंद हुए।



- निफ्टी में भी 37 अंक की बढ़त दर्ज

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### नुकसान में रहे शेयर

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

**कार्यालय नगरपालिका नांगल चौधरी**
दुरभाष नं0 01282-278547 ईमेल - secymcnch1@gmail.com
**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका नांगल चौधरी द्वारा कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2024-25 के लिए पट्टे पर देने हेतु दिनांक 27.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय नगरपालिका नांगल चौधरी में खुली बोली द्वारा एक वर्ष के लिए पट्टे पर छोडी जानी है। धरोहर राशि रूपये 10000/- दिनांक 27.06.2024 प्रातः 10:30 बजे तक नगरपालिका कार्यालय में जमा करनी होगी। सफल बोलीदाता को बोली राशि दिनांक 27.06.2024 शाम 4:30 बजे तक जमा करानी होगी। पूर्ण राशि जमा ना कराने की सूरत में धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
प्रधान, नगरपालिका नांगल चौधरी
सचिव, नगरपालिका नांगल चौधरी

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### मेटा एआई अब भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक व मैसेंजर पर भी उपलब्ध

**नई दिल्ली।** मेटा ने भारत में अपने एआई असिस्टेंट 'मेटा एआई' को व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा.एआई पोर्टल पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि इसके साथ लोग अब मेटा एआई का इस्तेमाल उसके विभिन्न ऐप पर फीड्स और चैट में कर अपना काम पूरा कर सकेंगे, सामग्री बना सकेंगे और किसी विषय में गहराई तक जा सकेंगे और इसके लिए उन्हें उस ऐप से हटना नहीं होगा, जिसका वे इस्तेमाल कर रहे हैं। मेटा एआई दुनिया के अग्रणी एआई असिस्टेंट में से है। अब व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा.एआई पर यह उपलब्ध है। कंपनी ने कहा कि इसे मेटा लियामा 3 के साथ बनाया गया है, जो हमारा अब तक का सबसे उन्नत एलएलएम है। मेटा ने इसे भारत में अंग्रेजी और हिंदी में पेश करने की घोषणा की है।

## एलन रोहतक ने किया करगिल शहीदों के परिजनों का सम्मान

**रोहतक।** देश आगे बढ़ रहा है, क्योंकि हम सुरक्षित हैं। कोई हैं जो हमारी सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाकर हमें खुली हवा में जीने की आजादी दे रहे हैं। इस बलिदान को याद रखते हुए आइए, हम भी दूसरों के लिए जीना सीखे। अपने परिवार के साथ समाज और देश की सेवा का जज्बा मन में रखें, तभी जीवन सार्थक होगा। परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने यह बात सोमवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रोहतक की ओर से आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में शहीदों परिवारों के सम्मान के दौरान कही। समारोह में विद्यार्थियों को सीख देते हुए कैप्टन योगेन्द्र ने कहा कि सेना का सम्मान देश का सम्मान है, जिस तरह एक योद्धा देश के लिए लड़ता है ठीक उसी तरह एक विद्यार्थी को भी देश को आगे ले जाने के लिए संकल्पित रहना चाहिए। पढ़ाई में भी टारगेट लेकर उसकी प्राप्ति के लिए पूरे प्रयास होने चाहिए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से रोहतक में करगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत शौर्य वंदन कार्यक्रम राधाकृष्णन ऑडिटोरियम, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करगिल युद्ध में भिवानी, हिसार, जज्झर, मोहिन्द्रगढ़, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सोनीपत क्षेत्रों के 35 शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। परिजनों को 11-11 हजार के चेक, सम्मान पत्र सौंपे गए।

- करगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत एलन रोहतक का शौर्य वंदन

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, नारनौल के लिए कुल 06 एअर कूलर खरीदे जाने है। इस कार्य के लिए खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्न प्रकार से है :-

| Sr. No. | Particulars | Rate per item with GST |
|---|---|---|
| 1. | Air Cooler with iron body and exhaust motor with warrenty | |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 29.06.2024 सांय 05 बजे तक कार्यालय में ई-मेल ( dhonarnaul@gmail.com ) के माध्यम से या दस्ती तौर पर भेज सकते हैं। कार्यालय की कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य दर की कुटेशन को सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार कार्यालय की आकलन कमेटी के पास होंगे।
हस्ता/-
जिला उद्यान अधिकारी
नारनौल (महेन्द्रगढ़)।
पीआरडीएच-1149/11/623/2025/27112/88/6 दि. 24.06.24

## शब्द पहेली - 5552



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5551 का हल





## पेगुला बनीं बर्लिन लेडीज ओपन क्वीन

**बर्लिन।** जेसिका पेगुला ने आखिर तक हार न मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पांच मैच प्वाइंट बचाकर बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने फाइनल में अन्ना कलिन्स्काया को 6-7 (0), 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला का इस वर्ष का यह पहला और कॅरियर का पांचवा डब्ल्यूटीए खिताब है।



ग्रास कोर्ट पर अपने कॅरियर का पहला खिताब जीतने वाली पेगुला ने कहा, 'मैंने इस सप्ताह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया तथा ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेल दिखाने वाली खिलाड़ियों को हराया। फाइनल में बेहद करीबी मैच में जीत दर्ज करना शानदार रहा।' पेगुला ने इससे पहले सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराया था।

## सिनर ने जीता हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**हाले।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को सीधे सेटों में हराकर ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी सिनर ने टाइब्रेकर तक खिंचे दोनों सेट में पोलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी को 7-6 (8), 7-6 (2) से हराकर विंबलडन की अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम दिया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने कहा, 'मैं जानता था कि मैं अच्छी सर्विस कर रहा हूं। मैं यह टूर्नामेंट जीत कर बहुत खुश हूं क्योंकि मैंने पहली बार ग्रास कोर्ट पर खिताब जीता है।' सिनर पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें नोवाक जोकोविच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।



## टॉमी पॉल बने क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन

**लंदन।** अमेरिका के टॉमी पॉल ने क्वींस क्लब टेनिस में फाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-1, 7-6 से हराकर अपना तीसरा एटीपी खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज पॉल विम्बलडन से पहले घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट को 2010 में सैम क्वेरी के बाद जीतने वाले दूसरे अमेरिकी खिलाड़ी है।



वह इसके साथ ही जॉन मैकेनरो, जिमी कॉनर्स और पीट सैम्प्रास जैसे अपने देश के दिग्गजों की सूची में शामिल हो गए जो यहां चैंपियन रहे हैं। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज मुसेटी टूर स्तर की दो प्रतियोगिताओं को जीतकर यहां पहुंचे थे। घसियाले कोर्ट पर यह उनका पहला फाइनल मुकाबला था। इस जीत के बाद वह टेलर फ्रिट्ज को पछाड़कर अमेरिका के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

# रोहित का तूफानी अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत शान से सेमीफाइनल में

## वनडे वर्ल्डकप का बदला पूरा, कंगारुओं को 24 रन से मात दी

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)

कप्तान रोहित शर्मा के तूफानी अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत सुपर आठ के अपने तीनों मैच जीतकर छह अंक के साथ शीर्ष पर रहा और सेमीफाइनल में 27 जून को इंग्लैंड से भिड़ेगा। ग्रुप एक से अब भी ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश तीनों के पास अंतिम चार के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। भारत के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (76 रन, 43 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) के अर्धशतक और उनकी कप्तान मिशेल मार्श (37) के साथ दूसरे विकेट की 81 और ग्लेन मैक्सवेल (19) के साथ तीसरे विकेट की 41 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 181 रन ही बना सका। भारत की तरफ से अर्शदीप ने 37 रन देकर तीन जबकि कुलदीप यादव ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) और जसप्रीत बुमराह (29 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। रोहित ने इससे पहले 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मौजूदा टूर्नामेंट का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने ऋषभ पंत (15) के साथ दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 38 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव (31), शिवम दुबे (28) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 27) ने भी उपयोगी पारियां खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और मार्कस स्टोइनिस ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। स्टार्क ने 45 जबकि स्टोइनिस ने 56 रन लुटाए। जोश हेजलवुड ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया। पैट कमिंस ने भी चार ओवर में 48 रन खर्च किए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहले ओवर में ही डेविड वार्नर (06) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने अर्शदीप की गेंद पर सूर्यकुमार को कैच थमाया।

मार्श और सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने इसके बाद पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 65 रन तक पहुंचाया। मार्श को अर्शदीप ने अपनी ही गेंद पर जीवनदान दिया जिसका फायदा उठाकर उन्होंने इसी ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा।



### भारत-205/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा बो स्टार्क | 92 |
| कोहली का डेविड बो हेजलवुड | 00 |
| पंत का हेजलवुड बो स्टोइनिस | 15 |
| सूर्यकुमार का वेड बो स्टार्क | 31 |
| दुबे का वार्नर बो स्टोइनिस | 28 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 27 |
| रविंद्र जडेजा नबाद | 09 |

अतिरिक्त: 03
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 205 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-93, 3-127, 4-159, 5-194
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-45-2, हेजलवुड 4-0-14-1, कमिंस 4-0-48-0, जंपा 4-0-41-0, स्टोइनिस 4-0-56-2

### ऑस्ट्रेलिया-181/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| वार्नर का सूर्यकुमार बो अर्शदीप | 06 |
| ट्रेविड हेड का रोहित बो बुमराह | 76 |
| मिशेल का अक्षर बो कुलदीप | 37 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो कुलदीप | 19 |
| स्टोइनिस का पंड्या बो अक्षर | 02 |
| डेविड का बुमराह बोअर्शदीप | 15 |
| मैथ्यू का कुलदीप बो अर्शदीप | 01 |
| पैट कमिंस नाबाद | 11 |
| मिशेल स्टार्क नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 09
कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 181 रन
विकेट पतन: 1-6, 2-87, 3-128, 4-135, 5-150, 6-153, 7-166
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-37-3, बुमराह 4-0-29-1, अक्षर 3-0-21-1, पंड्या 4-0-47-0, कुलदीप 4-0-24-2, जडेजा 1-0-17-0

## दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, वेस्टइंडीज बाहर



एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट पर 135 रन ही बनाने दिए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। अफ्रीका ने सुपर 8 में अपने तीनों मैच जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वह अन्य मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। स्पिनर तबरेज शम्सी ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें दो अन्य स्पिनरों केशव महाराज (एक विकेट) और कप्तान मार्कराम (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। वेस्टइंडीज की तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 52 रन बनाए।

### बांग्लादेश-अफगानिस्तान में मुकाबला आज

**किंग्सटाउन।** पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर उत्साह से ओतप्रोत अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। अफगानिस्तान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराकर पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले उसकी टीम हालांकि भारत की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के लिए दुआ करेगी। भारत की टीम इस ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे है क्योंकि उसका नेट रन रेट अन्य टीमों से बेहतर है। भारत अभी ग्रुप में शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश का नंबर आता है।

## खबर संक्षेप



### हम काफी कुछ सीखकर जा रहे हैं

**ब्रिजटाउन।** अमेरिका का टी20 विश्व कप में स्वर्णिम अभियान भले ही सुपर 8 में थम गया लेकिन उसके बल्लेबाज कोरी एंडरसन ने कहा कि उनकी टीम को इस टूर्नामेंट से काफी कुछ सीखने को मिला। अमेरिका ने टूर्नामेंट के पहले दौर में पाकिस्तान को हराया था तथा भारत के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन सुपर 8 चरण में उसे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा।

### जमशेदपुर ने कोच का अनुबंध दो साल बढ़ाया

**जमशेदपुर।** इंडियन सुपर लीग । की टीम जमशेदपुर एफसी ने मुख्य कोच खालिद जमील की सेवाओं को अगले दो वर्षों के लिए बरकरार रखने की सोमवार को घोषणा की। एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आए थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था। उनकी नियुक्ति के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार आया।

### पीसीबी में आमूलचूल बदलाव की तैयारी

**कराची।** अमेरिका में टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन के बाद देश के क्रिकेट बोर्ड में बदलाव की तैयारी है। खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनाने की तैयारी भी की जा रही है जो टूर्नामेंट के दौरान अपने परिवारों को साथ ले जाने और पैसे लेकर प्रचार कार्यक्रमों में जाने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र ने पुष्टि की है कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के प्रदर्शन से नाराज हैं और उन्होंने टीम में व्याप्त अनुशासनहीनता के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है।

### देश के लिए खेलने को तरजीह दें खिलाड़ी



**नॉर्थ साउंड।** टी20 विश्व कप से बाहर हो चुकी वेस्टइंडीज टीम के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कैरेबियाई क्रिकेट की रौनक लौटाने के लिए टीम की तारीफ की है लेकिन खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे फ्रेंचाइजी क्रिकेट की बजाय देश के लिए खेलने को तरजीह दें। पिछले दो विश्व कप से जल्दी बाहर हो रही दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज टीम दक्षिण अफ्रीका से वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में हारकर सेमीफाइनल में प्रवेश से चूक गई। पॉवेल ने कहा, 'अब देश के लिए खेलने की ललक फिर जागती दिख रही है और उम्मीद है कि यह जारी रहे।'

क्रिकेट

## जिम्बाब्वे दौरे के लिए शुभमन गिल कप्तान



**नई दिल्ली।** युवा रियान पराग, अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी को आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण जिम्बाब्वे दौरे के लिए पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली है जबकि शुभमन गिल टीम के कप्तान होंगे।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप खेल रहे सीनियर खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। जिम्बाब्वे दौरा छह जुलाई से शुरू होगा जिसमें पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। पराग, अभिषेक और रेड्डी के अलावा तुषार देशपांडे, हर्षित राणा, आवेश खान और रिंकू सिंह को भी आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्व कप में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है।

**भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, नीतिश रेड्डी, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

### जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

**फ्रैंकफर्ट।** निकोलस फुलक्रग के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से जर्मनी ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के मैच में स्विट्जरलैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक कर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। जर्मनी यूरोपीय चैंपियनशिप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहली हार के करीब था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी फुलक्रग ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में खूबसूरत गोल किया जिससे जर्मन टीम के खिलाड़ियों ने ही नहीं दर्शकों ने भी राहत की सांस ली। फुलक्रग ने एक रक्षक और स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमर को छकाकर गोल किया। इससे पहले स्विट्जरलैंड ने 28वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बढ़त हासिल की थी। जर्मनी इससे पहले स्कॉटलैंड और हंगरी को हराकर अगले दौर में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुका था। वह तीन मैच में 7 अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा। स्विट्जरलैंड ने 5 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। हंगरी ने स्टुटगार्ट में खेले गए ग्रुप ए के एक अन्य मैच में स्कॉटलैंड को 1-0 से पराजित किया। इससे वह ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहा।



## भारतीय स्क्वाश टीम का चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की 11 सदस्यीय टीम इस्लामाबाद में मंगलवार से शुरू हो रही 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में चुनौती पेश करेगी। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में नौ खिलाड़ियों को अपने-अपने आयु-समूह वर्ग में शीर्ष-10 में वरीयता दी गई है। शिवेन अग्रवाल और आद्या बुधिया को क्रमशः लड़कों के अंडर-15 और लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में दूसरी वरीयता मिली है।

**भारतीय टीम :** बालक वर्ग: अंडर-17: युशा नफीस; अंडर-15: शिवम अग्रवाल, लोकेश सुब्रमणि; अंडर-13: ध्रुव बोपन्ना। बालिका वर्ग: अंडर-19: निरुपमा दुबे , शमीना रियाज; अंडर-17: उन्नति त्रिपाठी; अंडर-15: अनिका दुबे , दिवा शाह; अंडर-13: आद्या बुधिया, गौसिका एम।

## डिनामो जगरेब की खिताबी जीत में भारतीय तिकड़ी का अहम योगदान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्योति चौहान, एमके काशमीना और किरण पिस्दा की भारतीय तिकड़ी ने जेडएनके डिनामो जगरेब को क्रोएशियाई महिला फुटबॉल कप दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई। यह इस क्लब का क्रोएशिया के शीर्ष स्तर के महिला फुटबॉल का पहला बड़ा खिताब है।

मणिपुर की 25 साल की कशमीना ने 19 बार की चैंपियन टीम ओसिजेक के खिलाफ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद पेनल्टी शूट ऑफ के आखिरी मौके को गोल में बदल कर टीम को 5-4 से जीत दिलाई। डिनामो जगरेब ने पिछले दो सत्र में चार भारतीय खिलाड़ियों को मौका दिया है जिसमें ज्योति और सौम्या गुगुलोथ 2022 में इस टीम से जुड़ी थी जबकि किरण और कश्मीना बाद भी यहां आयी। कशमीना ने 'एआईएफएफ डॉट कॉम' से कहा, 'जिस तरह से हमने यह कप जीता वह विशेष था। हमारे क्लब ने इसे पहले कभी नहीं जीता था, यह काफी यादगार था।'



पेरिस ओलंपिक 24 जुलाई से

## भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमों ने हासिल किए ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया।

भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा। ओलंपिक में 12 देश टीम स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह पहली बार है जब तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाहर रहने वाले शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।



### तरुणदीप, दीपिका का चौथा ओलंपिक

अनुभवी तीरंदाज तरुणदीप रॉय और दीपिका कुमारी रिकॉर्ड चौथी बार ओलंपिक में चुनौती पेश करेंगे।सेना के 40 साल के दिग्गज तरुणदीप ने 2004 में एथेंस ओलंपिक में पहली बार देश का प्रतिनिधित्व किया था। जबकि दीपिका का यह लगातार चौथा ओलंपिक होगा। उन्होंने 2012 में लंदन में पहली बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया था। धीरज बोम्मदेवरा, अंकिता भकत और भजन कौर ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव का टोक्यो के बाद यह लगातार दूसरा ओलंपिक खेल होगा।

## अदिति और दीक्षा डागर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




**नई दिल्ली।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के टिकट हासिल कर लिए। दोनों महिला खिलाड़ियों से पहले शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर (पुरुष वर्ग) ने भी ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया था। इससे चार सदस्यीय भारतीय टीम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेलों में चुनौती पेश करेंगी। अदिति पहली भारतीय गोल्फर है जो तीसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दीक्षा के लिए यह दूसरा मौका होगा तो वहीं शुभंकर और भुल्लर पहली बार इन खेलों में चुनौती पेश करेंगे। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने ही किया है। वह टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। ओलंपिक प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं।

चिंतन

# संसद में पक्ष व विपक्ष दोनों रचनात्मक भूमिका निभाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र का आगाज हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत लोकसभा के सांसदों के शपथग्रहण के साथ संसद की कार्यवाही शुरू हुई है। दस कार्यदिवस तक चलने वाले इस संक्षिप्त सत्र के दौरान 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, लोकसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा, राष्ट्रपति का संयुक्त संबोधन होगा और फिर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। कायदे से देखा जाय तो इस सत्र के दौरान किसी विधेयक पर न चर्चा होगी, न नया विधेयक आएगा, इसके बावजूद यह सत्र हंगामेदार रहेगा, इसकी झलक पहले ही दिन देखने को मिल गई। विपक्ष सांसद संसद में संविधान लेकर पहुंचे, जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शपथ ले रहे थे, तो विपक्ष ने नीट, नीट के नारे लगाए। ऐसा नजारा आगे भी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिपक्वता दिखाई कि वे विपक्ष की तरफ मुखातिब होकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ साथ अन्य विपक्षी सांसदों का शिष्टाचार अभिवादन किया। सत्र शुरू होने से पहले पीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सहमति से चलेगी, लेकिन देश भी जिम्मेदार विपक्ष चाहता है, जो रचनात्मक लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं, संसद में राष्ट्रीय विषयों पर गंभीर बहस करे, सुझाव दे, केवल हंगामा और विरोध में ही मशगूल न रहे। पीएम का संदेश साफ है कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी समझे। हालांकि पिछले दो दशक से विपक्ष संसद में व्यवधान, हंगामा, नारेबाजी करता रहा है, ऐसे में विपक्ष से सदन में रचनात्मक भूमिका की अपेक्षा बिल्कुल नई बात है। इसलिए प्रधानमंत्री ने जिस रचनात्मकता व गरिमा की बात की है, इसे मिसाल के तौर पर जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है, वहां अगर वह हंगामा व नारेबाजी से हटकर ठोस काम व सार्थक बहस में भाग लेकर रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाए, तो इससे कांग्रेस व दूसरे दलों पर भी नैतिक दबाव पड़ेगा व देश में रचनात्मक विपक्ष की परिपाटी फिर से शुरू होगी। केवल संसद में विपक्ष से ही रचनात्मक भूमिका की उम्मीद रखना पॉलिटिकली करेक्ट नहीं है। वैसे भी इस बार विपक्ष अधिक मजबूत और संगठित है, ऐसे में पीएम मोदी की राजग सरकार को नजाकत के साथ सदन को चलाने का प्रयास करना होगा। इस बार पीएम मोदी का सामना मजबूत विपक्ष के साथ राजग के घटक दलों से भी है, जो सरकार को स्तंभ प्रदान कर रहे हैं। वैसे भी सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है, ऐसे में पीएम मोदी व उनकी राजग सरकार के मंत्री व सांसदों को संसद में अधिक विनम्र, लोकतांत्रिक, रचनात्मक व संवाद फ्रेंडली रहना होगा। पीएम मोदी हमेशा लोकतांत्रिक बहस व विमर्श की वकालत करते रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद से जितने भी संसद सत्र आहूत हुए हैं, पीएम ने विपक्ष से रचानात्मक व ठोस भूमिका की अपील करते रहे हैं, पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने संसद सत्र के दौरान हमेशा व्यवधान डाला है, हांगामा किया है, नारेबाजी की है, विधेयक पर बहस में खलल डाली है। कांग्रेस ने एक भी सत्र सुचारू नहीं चलने दिया है। विपक्ष की हुल्लड़बाजी का नतीजा रहा है कि सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों को कई बार निलंबित करना पड़ा है। इसलिए 18वीं लोकसभा में विपक्ष को चाहिए कि हंगामे से बाहर निकल कर देशहित में रचनात्मक भूमिका निभाए। पीएम ने राहुल गांधी के संविधान पुस्तिका की नौटंकी का करारा जवाब भी आपातकाल को लोकतंत्र का धब्बा व संविधान का गला घोंटने वाला बता कर दिया है। अब पक्ष व विपक्ष दोनों की रचनात्मक भूमिका निभाने की बारी है।



काला अध्याय
अरविंद जयतिलक

# आपातकाल था संविधान का अपमान

**इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की गर्दन मरोड़कर देश में आपातकाल थोप दिया था। श्रीमती गांधी ने सिर्फ संविधान की धज्जियां ही नहीं उड़ायी बल्कि जनतांत्रिक मूल्यों को भी नजरअंदाज कर मानवीय मूल्यों को निर्ममता से रौंद डाला था। संविधान के अपमान से देश कराह उठा था। जब भी 25 जून का दिन आता है, आपातकाल की टीसें उभरने लगती है। उसी टीस का नतीजा है कि आपातकाल के पांच दशक बाद भी इस पर विमर्श जारी है। उचित होगा कि संविधान में कुछ इस तरह का प्रावधान किया जाए कि दोबारा आपातकाल थोपे जाने की न तो गुंजाइश बचे और न ही कोई निर्वाचित सरकार दुस्साहस दिखाए। मौजूदा सरकार को यह काम करना चाहिए।**

25 जून, 1975। वह काला दिन जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की गर्दन मरोड़कर देश में आपातकाल थोप दिया था। श्रीमती गांधी ने सिर्फ संविधान की धज्जियां ही नहीं उड़ायी बल्कि जनतांत्रिक मूल्यों को भी नजरअंदाज कर मानवीय मूल्यों को निर्ममता से रौंद डाला। देश कराह उठा और संविधान को बर्फखाने में डाल दिया गया। जब भी 25 जून का दिन आता है, आपातकाल की टीसें उभरने लगती है। उसी टीस का नतीजा है कि आपातकाल के पांच दशक बाद भी इस पर विमर्श जारी है। इन पांच दशकों में देश में युवाओं की ऐसी पीढ़ी आयी है जो न सिर्फ लोकतंत्र की समर्थक है बल्कि उन सभी विचारों का विरोधी है, जो मानवीय गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। फिलहाल कहना मुश्किल है कि देश की युवा पीढ़ी इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल से खुद को कितना जोड़ पाई है या इसे लेकर उनका सोचने का तरीका क्या है? ऐसा इसलिए कि आपातकाल के बारे में न तो नई पीढ़ी को संपूर्ण जानकारी है और न ही उन्हें पता है कि आपातकाल क्या होता है? एक जिम्मेदार जनतांत्रिक राष्ट्र का कर्तव्य है कि वह अपनी आने वाली पीढ़ी को देश का इतिहास, संस्कृति धर्म-दर्शन राजनीति और जनतांत्रिक मूल्यों से सुपरिचित कराए। साथ ही उन अलोकतांत्रिक और जनविरोधी तानाशाही विचारों को भी उद्घाटित करे जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवीय मूल्यों और जनतांत्रिक गरिमा के खिलाफ है। यह तभी संभव होगा जब राष्ट्र के प्रत्येक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक प्रसंगों को ईमानदारीपूर्वक शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा। अगर आपातकाल के तत्काल बाद ही इस घटना को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में जोड़ दिया गया होता तो देश की युवा पीढ़ी लोकतांत्रिक और तानाशाही विचारों के फर्क को बेहतर ढंग से समझती। इससे लोकतंत्र मजबूत होता। नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ती और इस विषय पर नजरिया स्पष्ट होता।

यह अच्छी बात है कि अब आपातकाल के काले अध्याय को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग तेजी से मुखर हो रही है। अगर आपातकाल के प्रसंग को इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया जाता है तो युवा पीढ़ी को जानने-समझने का मौका मिलेगा कि किस तरह एक जनता द्वारा निर्वाचित सरकार अपने हठीले रवैए से लोकतंत्र को तबाह कर जनतांत्रिक मूल्यों को रौंद डाला था। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। एक स्वस्थ संसदीय लोकतांत्रिक परंपरा में धरना-प्रदर्शन, सत्याग्रह और सिविल नाफरमानी जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांत और आधार होते हैं। कोई भी निर्वाचित सरकार इन लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। अगर दशकों पहले इस प्रसंग को शिक्षा पाठ्यक्रम से जोड़ दिया गया होता तो उसके गुण-दोष से आज की युवा पीढ़ी सुपरिचित होती। आपातकाल को शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाना इसलिए भी आवश्यक है कि आपातकाल लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विपरित एक ऐसी तानाशाही विचारधारा है जिसे भारत ही नहीं दुनिया का हर सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देशों द्वारा खारिज किया जाता है।



युवाओं को जानना होगा कि आपातकाल का मूल कारण 12 जून, 1975 का इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह फैसला था जिसमें न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव को यह कहकर रद कर दिया था कि चुनाव भ्रष्ट तरीके से जीता गया। इसे ध्यान में रखते हुए न्यायमूर्ति ने इंदिरा गांधी पर छः साल चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस फैसले का सम्मान करने के बजाए सत्ता बचाने के खेल में जुट गयी। उनके पास बचाव के सिर्फ दो ही उपाय थे। या तो वह न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए अपने पद से इस्तीफा देतीं या संविधान का गला घोंटती। उन्होंने दूसरे रास्ते को चुना और संविधान को निलंबित कर दिया। आंतरिक सुरक्षा को मुद्दा बनाकर बगैर कैबिनेट की मंजूरी लिए ही देश पर आपातकाल थोप दिया। यही नहीं उन्होंने संवैधानिक नियमों को ताक पर रख उच्चतम न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की वरिष्ठता की अनदेखी कर चैथे नंबर के न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय पर स्थगनादेश जारी किए जाने के बाद श्रीमती गांधी और उग्र हो उठी। उन्होंने संविधानेत्तर सरकार चला रहे अपने पुत्र संजय गांधी की मदद से उन सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मटियामेट करना शुरू कर दिया जो लोकतंत्र की संवाहक थी। श्रीमती गांधी की सरकार अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ गई, जयप्रकाश नारायण समेत उन सभी आंदोलनकारियों को मीसा और डीआईआर कानूनों के तहत जेल भेज दिया जो आपातकाल का विरोध कर रहे थे। सरकार ने प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगा दिया। यहां तक कि समाचार पत्रों को अपने संपादकीय का स्थान रिक्त छोड़ने की भी अनुमति नहीं दी। दरअसल वे संपादकीय को रिक्त छोड़ा जाना अपनी सरकार के खिलाफ समझती थी। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारों और संपादकों पर भी डंडा चलाना शुरू कर दिया। मोरार जी देसाई के शासन काल में गठित शाह आयोग की रिपोर्ट में सरकार की निरंकुशता का दिलदहला देने वाले सच उजागर हुआ। इस रिपोर्ट में कहा गया कि आपातकाल के दौरान गांधी जी के विचारों के साथ-साथ गीता से भी उद्धरण देने पर पाबंदी थी। श्रीमती गांधी के समर्थकों ने आंदोलन की धार कुंद करने के लिए यह प्रचारित करना शुरु कर दिया कि जयप्रकाश नारायण का आंदोलन फासिस्टवादी है।

सरकार के अत्याचार की पराकाष्ठा का परिणाम रहा कि बिना अभियोग चलाए ही लाखों आंदोलनकारियों को हिरासत में ठूंस दिया गया। सरकारी संस्थाएं सरकार से डर गयी और उसके सुर में सुर मिलाने लगी। लेकिन कहते हैं न कि लोकतंत्र में तानाशाही की उम्र ज्यादा लंबी नहीं होती और अंततः लोकतंत्र ही जीतता है। कुछ ऐसा ही हश्र श्रीमती गांधी की तानाशाह सरकार के साथ भी हुआ। लोकतंत्र जीत गया। वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता ने श्रीमती गांधी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका और आपातकाल की रीढ़ तोड़ दी। विश्व इतिहास गवाह है कि जन आंदोलनों के आगे दुनिया की हर तानाशाह सरकार झुकती रही है। रूस की जारशाही और फ्रांस की राजशाही भी जन आंदोलनों को डिगा नहीं पायी। आज सर्वाधिक चिंता इस बात की है कि देश में आपातकाल थोपे जाने के पांच दशक बाद भी उसे रोकने का अभी तक कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं बनाया गया है। उचित होगा कि संविधान में कुछ इस तरह का प्रावधान किया जाए कि दोबारा आपातकाल थोपे जाने की न तो गुंजाइश बचे और न ही कोई निर्वाचित सरकार ऐसा दुस्साहस दिखाए। स्वाभाविक है कि जब इस तरह का कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं होगा तो आपातकाल की आशंका बनी रहेगी। इसलिए मोदी 3.0 सरकार को संवैधानिक रूप से यह कोशिश करनी चाहिए। नागरिक अधिकारों व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सतर्कता बढ़ी है। न्यायपालिका दबावमुक्त, स्वतंत्र और सक्रिय हुई है। मीडिया आजादी की कुलांचे भर रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

आपातकाल
सुरेश हिंदुस्थानी



# आज भी डराती है वो काली रात

सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है, इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रूप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी ने कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्र विरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत कर रही है, उसने ही 25 और 26 जून 1975 की रात को आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देश भक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा। आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुए लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया और उनके मुकाबले हारे और श्रीमती गांधी के चिर प्रतिद्वंद्वी राजनारायण सिंह को चुनाव में विजयी घोषित कर दिया था। राजनारायण सिंह की दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, तय सीमा से अधिक पैसा खर्च किया और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल किया। न्यायालय ने इन आरोपों को सही ठहराया था। इसके बावजूद श्रीमती गांधी ने प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर दिया और देश में आपातकाल घोषित कर दिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ ही गुजरात में चिमनभाई पटेल के विरुद्ध विपक्षी जनता मोर्चे को भारी विजय मिली। इस दोहरी चोट से इंदिरा गांधी बौखला गईं। इन्दिरा गांधी ने न्यायालय के इस निर्णय को मानने से इनकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की घोषणा की और आपातकाल लागू करने की घोषणा कर दी।

आपातकाल के नाम पर केवल उन्हीं लोगों को जेल में जबरदस्ती बंद किया था, जो सरकार के विरोधी थे। देश भर में इंदिरा शासन के विरुद्ध जबरदस्त आंदोलन खड़ा किया। आपातकाल में शासन, प्रशासन ने लोकनायक जयप्रकाश के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन में हिस्सा लेने वाले हर उस व्यक्ति को प्रताड़ना दी, जो लोकतांत्रिक तरीके सरकार के विरोध में आवाज उठा रहे थे। विपक्षी राजनेताओं ने देश में केन्द्र सरकार के विरोध में ऐसा वातावरण बनाया कि इंदिरा गांधी को अपना सिंहासन हिलता हुआ दिखाई दिया। जॉर्ज फर्नांडीज को लोहे की जंजीरों से बांधकर यातनाएं दी गईं। देश के जितने भी बड़े नेता थे, सभी के सभी सलाखों के पीछे डाल दिए गए। एक तरह से जेलें राजनीतिक पाठशाला बन गईं। जिन लोगों ने यह दृश्य देखा, उनका यही कहना था कि ऐसा दृश्य तो अंग्रेज़ों के शासनकाल में भी नहीं दिखा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### परीक्षाओं में घोटाले देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

मोदी सरकार ने छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले बेईमान लोगों को सबक सिखाने के लिए एंटी पेपर लीक कानून अर्थात लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2024 अमल में ला दिया है। यह कानून परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए कामयाब होगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन सवाल तो यह है कि सरकारें इतने लंबे समय तक क्यों युवाओं के कैरियर को दांव पर लगते हुए तमाशा देखती रहीं। नीट परीक्षा की गड़बड़ी से पहले भी दूसरी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। उसके लिए अगर सख्ती बरती होती तो आज नीट के परीक्षार्थियों के साथ धोखा नहीं होता।

*- मुकेश पाठक, रायगढ़*

ट्रेंड

### सामान काफी सस्ता हुआ



हमारे लिए सुधार 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हो गया है। इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरकार नहीं सुन रही



संविधान देश में जनता के अधिकारों का सुरक्षा कवच है। पिछले 10 सालों में सरकार ने इस कवच को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। आज भी युवा परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार नहीं सुन रही है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### गलत दावा



जो कोई यह दावा करता है कि उसका राजनीतिक दल कभी भी कोई ग़लत काम नहीं करता और दूसरा दल कोई सही काम नहीं करता, वह या तो झूठा है, मूर्ख है या दोनों है। गलत किए बिना कोई राजनीतिक दल चल नहीं सकता।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### कोला और जंक फूड



मेरा मुद्दा यह है कि कोला और जंक फूड का विज्ञापन करने वाली अधिकांश हस्तियां अपने बच्चों को वही उत्पाद नहीं खाने देंगी जो दूसरों के बच्चों को खाने के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

-सशेखर कपूर, फिल्म निर्माता

करंट अफेयर

## यूरोपीय संघ में शामिल होने छूट नहीं मांगेगा यूक्रेन



यूरोपीय संघ द्वारा इस सप्ताह औपचारिक रूप से यूक्रेन को प्रवेश देने के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त करने के बाद युद्धग्रस्त देश यूक्रेन पश्चिम के साथ एकीकरण के 'अपरिवर्तनीय' रास्ते पर है। एक शीर्ष यूक्रेनी अधिकारी ने यह बात कही। यूरोपीय और यूरो-अटलांटिक एकीकरण की उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना ने कहा कि इस सप्ताह प्रवेश वार्ता शुरू करने का निर्णय उनके देश के लिए एक 'बड़ा दिन' है। ओल्गा ने रविवार को कीव में कहा, 'यह यूक्रेनी लोगों की सर्वोच्च इच्छा है और यह अपरिवर्तनीय है। और आपने देखा है कि यूक्रेन के लोग अपनी पसंद के लिए खड़े हुए हैं।' यूक्रेन के यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए मुख्य वार्ताकार नियुक्त किए जाने के बाद यह उनका पहला साक्षात्कार था। ईयू नेताओं ने शुक्रवार को यूक्रेन और मोल्दोवा के साथ प्रवेश वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। ओल्गा मंगलवार को लक्जमबर्ग में प्रवेश वार्ता के उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगी जिसमें कई शीर्ष सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उद्घाटन समारोह में भाषण देने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने शुक्रवार के फैसले को एक 'ऐतिहासिक कदम' बताया।

ऑफ बीट

## बालों का विग हो सकता है महिलाओं के लिए जहरीला



अच्छी तरह से संवारे हुए बाल बहुत सी अश्वेत अफ्रीकी महिलाओं के लिए सुंदरता का प्रतीक हैं। हालाँकि, प्राकृतिक बालों को विशेष देखभाल और ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिसमें समय लग सकता है। विग (मानव या सिंथेटिक बाल), वीव-ऑन और अन्य कृत्रिम बाल एक्सटेंशन महिलाओं को उनके प्राकृतिक बालों का विकल्प प्रदान करते हैं। नाइजीरिया में, ये विकल्प युवा और वृद्ध दोनों ही महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। सिंथेटिक बाल लाखों डॉलर का एक बड़ा व्यवसाय है और स्थानीय और विदेशी दोनों उद्योगों द्वारा चलाया जाता है। हेयरड्रेसिंग सैलून फल-फूल रहे हैं, जो महिलाओं के लिए स्टाइलिंग और सौंदर्य सेवाएँ प्रदान करते हैं। लेकिन हमने पाया है कि सिंथेटिक बालों में प्रदूषक तत्व छिपे होते हैं। मानव निर्मित रेशे विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं से गुजरते हैं ताकि वे मानव बाल की तरह दिखें और महसूस हों। कुछ उत्पादों को बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल जहरीले होते हैं। और बाल उत्पाद मुख्य रूप से प्लास्टिक से बने होते हैं जो बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक होते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


अनुप्रिया पटेल


अनुराग सिंह ठाकुर


धर्मेंद्र प्रधान


फग्गन सिंह कुलस्ते


जितेंद्र सिंह


कंगना रनौत


सुरेश गोपी


किरण रिजिजू

# 280 सांसदों ने ली शपथ

# प्रधानमंत्री के आते ही विपक्ष ने शुरू किया हंगामा

## 1 आज 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे

## 2 श्रीपद नाइक ने संस्कृत भाषा में शपथ ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत 24 जून से हो गई। सोमवार सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों ने बतौर संसद सदस्य शपथ ली। प्रधानमंत्री के बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी ने सहित 280 सांसदों ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद मंत्री परिषद के अन्य सदस्यों ने सांसद के रूप में शपथ ली।

सभी को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने शपथ दिलाई। इसके बाद विभिन्न राज्यों के सांसदों ने वर्णमाला के क्रम में शपथ ली। यानी कि सबसे पहले असम राज्य के सांसदों ने शपथ ली, तो अंत में पश्चिम बंगाल के सांसदों का नंबर आया। सत्र के पहले दिन ही भाजपा नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हुआ। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के सांसद लगातार नहीं जीते हैं, इसलिए उनकी वरिष्ठता का आधार नहीं बनता। पीएम मोदी की कैबिनेट में शामिल मंत्रियों में 58 लोकसभा के सदस्य हैं। जबकि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल 13 सदस्य राज्यसभा के सांसद हैं और एक मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं।

वह लुधियाना से भाजपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। संसद के इस सत्र में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं होगा। इससे पहले सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले राष्ट्रपति भवन में भर्तृहरि महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाई। इसके बाद सुबह 11 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू की गई।

### शुरू के तीन दिन यह होगा संसद में

18वीं लोकसभा की पहली बैठक के अवसर पर सदस्यों द्वारा मौन रखने के साथ कार्यवाही की शुरुआत की गई। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह सदन के पटल पर लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों की सूची रखी। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर महताब ने पीएम मोदी को सदन के सदस्य के तौर पर शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में उनकी सहायता करने के लिए राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों के पैनल को शपथ दिलाई गई।



### संविधान को कोई ताकत नहीं छू सकती: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा सत्र के पहले दिन शपथ लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि देखिए, प्रधानमंत्री और अमित शाह संविधान पर जो हमला कर रहे हैं। वह हमें मंजूर नहीं हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। इसलिए हमने शपथ लेते वक्त संविधान की कॉपी को अपने साथ रखा था। कोई भी ताकत हिंदुस्तान के संविधान को नहीं छू सकती।

### शपथ ले रहे थे पीएम मोदी, संविधान लेकर खड़े हो गए राहुल गांधी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने लोकसभा सांसद के तौर पर सोमवार को शपथ ली। इस दौरान विपक्षी गठबंधन के सांसद विरोध दर्ज कराने के लिए संविधान की प्रतियां लेकर पहुंचे थे। खास बात है कि पीएम मोदी के शपथ लेने के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाई। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया था। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण के दौरान राहुल समेत विपक्ष के कई सांसदों ने संविधान की प्रति दिखाई। सदन में कांग्रेस सांसद के पास समाजवादी पार्टी प्रमुख और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव और उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट से विजयी हुए अवधेश पासी भी बैठे थे। खास बात है कि अयोध्या फैजाबाद सीट के तहत आती है। राहुल ने आरोप लगाए हैं कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पीएम और अमित शाह जो संविधान पर हमला कर रहे हैं, वो हमें मंजूर नहीं है और हम ऐसा नहीं होने देंगे। इसलिए हम शपथ लेने के दौरान संविधान लेकर आए हैं...। हमारा संदेश है कि कोई भी ताकत भारत के संविधान को नहीं छू सकती।'*

### इस तरह खत्म हुआ पुराना लोकसभा सत्र

भारत में 17वीं लोकसभा सत्र 16 जून को खत्म हो गया था। हालांकि, इससे पहले ही निर्वाचन आयोग की ओर से नतीजे जारी कर दिए गए थे। इसके बाद से नए लोकसभा सत्र की शुरुआत मानी जाती है। सोमवार से शुरू हुआ लोकसभा सत्र पहला सत्र है, जो कि 3 जुलाई तक चलेगा। इस बीच 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदन को संबोधित करेंगी।

### किस सांसद ने सबसे पहली ली शपथ

संसद के लोकसभा सदन में सबसे पहले शपथ लेने वाले व्यक्ति भृतहरी मेहताब थे, जिन्होंने प्रोटेम स्पीकर पद के रूप में शपथ ली थी। वहीं, सोमवार को सबसे पहले शपथ लेने वाले सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली है।

### किस सांसद ने किस भाषा में ली शपथ?

- विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। नाइक ने उत्तरी गोवा निर्वाचन क्षेत्र से छठी बार जीत हासिल की थी।
- केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने बंगाली भाषा में शपथ ली।
- पुणे से सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मराठी भाषा में शपथ ली।
- जम्मू कश्मीर की उधमपुर लोकसभा सीट से सांसद और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने डोगरी भाषा में शपथ ग्रहण की।
- केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल असमी भाषा और केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने तेलगू भाषा में शपथ ली।
- केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड़ भाषा में शपथ ली।
- कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने तेलगू भाषा में शपथ ली।

### कितने सांसदों ने ली शपथ

*लोकसभा सदन में शुरुआती दो दिनों तक सांसदों को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ दिलाने का कार्यक्रम तय किया गया है। पहले दिन 280 सांसदों व अन्य सांसदों को मंगलवार को शपथ दिलाने का कार्यक्रम है।*

### अमृतपाल की शपथ को लेकर संशय

पंजाब के सांसदों को मंगलवार 25 जून को शपथ का समय दिया गया है। जिसमें



जेल से चुनाव लड़ने और जीतने वाले अमृतपाल सिंह समेत सभी 13 सांसदों के नाम हैं। लेकिन अमृतपाल सिंह शपथ ले पाएंगे इसमें संशय है। संसद की तरफ से जारी समय, जिसमें अमृतपाल सिंह को मंगलवार 12 से 1 बजे के बीच शपथ लेने का समय दिया गया है। अमृतपाल सिंह के वकील एडवोकेट राजदेव सिंह खालसा ने बताया किअमृतपाल सिंह अभी जेल से शपथ के लिए नहीं आ पाएंगे। जब अमृतपाल सिंह के नाम के जब भी ऑर्डर निकलेंगे, उन्हें जेल से बाहर लाकर सांसद ले जाया जाएगा।

### उमर अब्दुल्ला ने प्रतिनिधित्व की मांग की

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को लोकसभा के लिए



चुने गए सांसद इंजीनियर राशिद को रिहा करने की मांग की है। वह आतंकवाद के लिए पैसे उपलब्ध कराने के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। राशिद ने पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट से उमर को दो लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। उमर ने एक्स पर लिखा,उत्तरी कश्मीर के लोगों ने इंजीनियर राशिद को चुना है और उन्हें लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना चाहिए।

### विपक्ष ने शेम-शेम के नारे लगाए

जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शपथ लेने जा रहें थें। तब नीट परीक्षा में कथित



अनियमितता के मुद्दे की गूंज संसद में गुंजने लगी। प्रधान के सीट से उठते ही विपक्षी दलों के कुछ सदस्य 'नीट-नीट' और 'शेम-शेम' के नारे लगाने लगे। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -स्नातक'(नीट-यूजी) 2024 में कथित अनियमितता और कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में विपक्ष सरकार को घेर गया। हालांकि इससे संसद के कार्य पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। शपथ ग्रहण समारोह से पहले पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष से शांती की अपील की थी।











*सिंधु जल संधि परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू*

## किश्तवाड़ पहुंचा भारत व पाक का 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

**जम्मू(एजेंसी।** )भारत और पाकिस्तान के दलों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सोमवार को तटस्थ विशेषज्ञों के साथ जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में पहुंचा और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत दो बिजली परियोजनाओं का निरीक्षण शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार की शाम को जम्मू पहुंचा और चेनाब घाटी क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन बिजली परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए आज सुबह किश्तवाड़ के लिए रवाना



हुआ। वर्ष 1960 की संधि के विवाद निपटान तंत्र के तहत पांच साल से अधिक समय में किसी पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा है। दोनो ने नौ साल की बातचीत के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर हस्ताक्षर किए थे।

### बृजमोहन की जगह विधायक कौन, मंत्री कौन, इस पर पीएम के साथ सीएम की बैठक में आज टूटेगा मौन

**नई दिल्ली( ब्यूरो)।** छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात करेंगे। नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री की तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने वाले मोदी के साथ पहली वन-टू-वन मुलाकात होगी। मुलाकात में छत्तीसगढ की भाजपा सरकार का नया स्वरूप तय होगा। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा पहुंचने के बाद विधानसभा का उपचुनाव होना है। बृजमोहन की सीट से अगला उम्मीदवार कौन होगा? इस पर विमर्श होगा। दो विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना है।

### भारतीय नौसेना के सुनयना पोत का मॉरिशस का दौरा संपन्न हुआ

**नई दिल्ली( ब्यूरो)।** भारतीय नौसेना के सुनयना पोत की दो दिवसीय मॉरिशस यात्रा संपन्न हो गई है। इस दौरान पोत ने मॉरीशस के तटरक्षकबल के साथ संयुक्त निगरानी अभियान में हिस्सा लिया। साथ ही कई अन्य द्विपक्षीय गतिविधियों में भी भाग लिया। नौसेना ने बताया कि यात्रा की समाप्ति के बाद सुनयना पोत ने मॉरिशस की अगली संयुक्त निगरानी के लिए प्रस्थान किया। नौसैन्य पोत की यह यात्रा दोनों देशों के बीच स्थापित मजबूत दोस्ती और बेहतर आपसी परिचालन की क्षमता को प्रदर्शित करती है।

### एनटीए में सुधारों के लिए गठित समिति की हुई बैठक

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** नीट पेपर लीक के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधारों के लिए गठित की गई केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की सात सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को पहली बैठक हुई। इसमें एजेंसी से जुड़े परीक्षा तंत्र में सुधार और परीक्षाओं में पारदर्शिता को बहाल करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। बीते दिनों नीट-यूजी से लेकर अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी के बाद देशभर में खड़े हुए विवाद के बीच एजेंसी में सुधार के लिएशिक्षा मंत्रालय ने इस समिति को गठित किया था। इसकी अध्यक्षता इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन कर रहे हैं।

*तबीयत बिगड़ी... नहीं गईं अस्पताल*

## धरने पर बैठीं आतिशी का भर्ती होने से इनकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी पानी की किल्लत को लेकर जंगपुरा के भोगल में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। आतिशी के अनशन का आज चौथा दिन है। इस बीच उनके स्वास्थ्य को लेकर बड़ा अपडेट आया है। आतिशी की तबीयत खराब हो रही है। उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह डॉक्टर्स ने दी है। इसको लेकर आप ने एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी है। साथ ही अस्पताल में भर्ती होने से इनकार कर दिया है। पोस्ट में बताया कि जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। वजन कम हो रहा है। इसके साथ ही बीपी लो और शुगर लेवल बढ़ गया है। आतिशी का कीटोन लेवल भी काफी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर ने जल मंत्री आतिशी को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है, लेकिन आतिशी पानी की मांग को लेकर लड़ाई में डटी हुई हैं।

### पीएम को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राजधानी में पानी संकट से अवगत कराया। साथ ही उनसे तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। कैबिनेट मंत्रियों ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से अपील की कि वह वजीराबाद बैराज का संयुक्त दौरा करें, जिससे मामले की सच्चाई सामने आ सके। आम आदमी पार्टी सरकार का कहना है कि वजीराबाद बैराज (तालाब) पूरी तरह से सूख चुका है।

*नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखा पत्र*

## तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमिलनाडु में जहरीली शराब कांड को लेकर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा। नड्डा ने इस मामले पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया। जहरीली शराब से राज्य में कई लोगों की मौत हुई है।

पत्र में कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी मानव जनित है। अगर द्रमुक-विपक्षी गठबंधन सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा, शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में चिताएं जलाने की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा, करुणापुरम में अनुसूचित जाति की आबादी काफी ज्यादा है, जो गरीबी और भेदभाव के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मैं हैरान हूं कि जब इतनी बड़ी आपदा आई है, तो आपके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने चुप्पी क्यों साध रखी है।

### *कुछ मुद्दों पर पार्टी लाइन से ऊपर उठने की जरूरत*

भाजपा प्रमुख ने कहा, कुछ मुद्दों पर हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठने की जरूरत है और अनुसूचित जाति,



अनुसूचित जनजाति समुदाय का कल्याण और सुरक्षा ऐसा ही मुद्दा है। नड्डा ने खरगे से कहा कि वह तमिलनाडु की द्रमुक-इंडि गठबंधन सरकार पर सीबीआई जांच कराने और राज्य के निषेध एवं उत्पाद शुल्क मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें। उन्होंने यह भी मांग की कि पीड़ितों के परिजनों को दी जाने वाली मुआवजे की राशि को उचित स्तर तक बढ़ाया जाए, ताकि इन परिवारों का पर्याप्त समर्थन सनिश्चित हो सके।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | वार्ड नं. 19 एम.सी. टोहाना में शक्ति नगर में विभिन्न रोड का निर्माण। | 20.06.2024 27.06.2024 | 20.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |
| | नगर परिषद टोहाना | दुर्गा कॉलेज वाली गली के साथ-साथ गली का निर्माण (जन संवाद)। | 21.06.2024 05.07.2024 | 25.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27090/I/88/6 दि. 24.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी करनाल | 12-सेक्टर-12-I, यू.ई. करनाल में पेवमेंट्स का निर्माण "सभी प्रकार से पूर्ण 175 मिमी मोटी जीएसबी, 60 मिमी मोटी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के प्रावधान व बिछाने समेत तीन वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी/रखरखाव अवधि" + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.07.2024 | 199.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842267454 xenhsvpkarnal1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27108/I/88/6 दि. 24.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | एम.सी. एरिया में अतिक्रमण को हटाने और पौधारोपण के दौरान रोपित की जाने वाली ग्रीन बैल्ट प्लांटेशन पौध के रखरखाव हेतु डीजल और चालक रखरखाव के सभी व्ययों सहित दो ट्रॉली डम्पर और दो मोटर चालित वाटर टैंकर सहित चार ट्रैक्टरों को किराये पर लेने हेतु। | 21.06.2024 27.06.2024 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27103/I/88/6 दि. 24.06.24

**उपमंडल अधिकारी (ना0) गोहाना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लघु सचिवालय गोहाना में दुकानों / पार्किंग स्थलों को किराये पर देने हेतु नीलामी दिनांक 27.6.2024 को प्रातः 11 बजे उपमंडल अधिकारी (ना०) गोहाना की अध्यक्षता में लघु सचिवालय गोहाना में वर्ष 2024-25 के लिए की जाएगी। जिसकी शर्तें मौके पर पढ़कर सुना दी जाएंगी। यदि कोई व्यक्ति इन शर्तों को देखना चाहे तो वह उपमंडल अधिकारी (ना०) गोहाना के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर आकर देख सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| फोटोस्टेट | - | दिनांक 1.7.2024 से 31.3.2025 तक |
| पार्किंग स्टैंड | - | दिनांक 1.7.2024 से 31.3.2025 तक |
| कैंटीन | - | दिनांक 1.7.2024 से 31.3.2025 तक |

सभी निविदाओं को 26.6.2024 को 5 पी.एम. तक जमा करवाना अनिवार्य है। देर से जमा करवाई गई निविदाएं मान्य नहीं होंगी। निविदा शुल्क 1 हजार रुपये जमा करवाना अनिवार्य है। निविदा शुल्क वापस नहीं होगा।

हस्ता/-
उपमंडल अधिकारी (ना०) गोहाना

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | सिरसा जिले में एम.सी. डबवाली ग्रुप-1 में विभिन्न सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत (आईडी 2156, 6942, 2155 और 2163) कार्य योजना 2024-25 और सिरसा जिले में एम.सी. डबवाली ग्रुप-2 में विभिन्न सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत (आईडी 5120, 4842 और 2142) कार्य योजना 2024-25 + 4 कार्य। | 19.06.2024 03.07.2024 | 11.07 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xensirsa.hsamb23@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27100/I/88/6 दि. 24.06.24




# अगले महीने इसरो लॉन्च करेगा नया रॉकेट...छोटे सैटेलाइट्स के बाजार में बन जाएगा 'सुप्रीम लीडर'

**नई दिल्ली(नई दिल्ली)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 10 जुलाई 2024 के आसपास अपने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल की तीसरी डिमॉन्सट्रेशन डी-3 उड़ान करने जा रहा है। यह रॉकेट इसलिए बनाया गया है ताकि मिनी, माइक्रो और नैनो सैटेलाइट्स की लॉन्चिंग की जा सके। वह भी कम कीमत में इस लॉन्चिंग के बाद ररछ को पूरी तरह से ऑपरेशनल रॉकेट का दर्जा मिल जाएगा। साथ ही भारत दुनिया में सबसे सस्ती लॉन्चिंग के मामले में ऊंची उड़ान भर लेगा। इससे पहले इस रॉकेट के दो उड़ान हो चुके हैं। पहली उड़ान एसएसएलवी-डी-1 7 अगस्त 2022 को हुई थी।

इसरो अपने छोटे रॉकेट की तीसरी और अंतिम डेवलपमेंटल उड़ान के लिए तैयार है। यह लॉन्च 10 जुलाई 2024 के आसपास होगी। इस रॉकेट की उड़ान से भारत सस्ती लॉन्चिंग की दुनिया में ऊंची छलांग लगा लेगा।







## भारत-बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग से जुड़ा ऐतिहासिक समझौता

*नई दिल्ली(ब्यूरो)। भारत और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग से जुड़े हुए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जो कि दोनों देशों के बीच सैन्य शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े सामरिक और रणनीतिक अध्ययन से संबंधित है। भारत के रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन (डीएसएससी) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स और बांग्लादेश के रक्षा सेवा कमांड एवं स्टाफ कॉलेज, मीरपुर, ढाका के पीएसओ एएफडी लेफ्टिनेंट जनरल एम.आर शमीम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।*

## रेल मंत्री वैष्णव ने कवच 4.0 तकनीक को जल्द लागू करने के निर्देश

*नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। हादसों से बचने और कम समय में लंबी दूरी तय करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 'कवच 4.0' प्रणाली पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई और उन्नत प्रणाली 'कवच 4.0' की प्रगति की जानकारी ली। इससे पहले भारतीय रेलने ने कवच के 3.2 संस्करण को तैयार किया था। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कवच 3.2 संस्करण को अत्यधिक व्यस्त रेलवे मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में स्थापित किया जा रहा है।*

### खबर संक्षेप

## बोहरी कदल में भीषण आग से मचा हड़कंप

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बोहरी कदल में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग इतनी भयानक थी कि ऊंची-ऊंची लपटें आसमान को छू गई। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया गया है। लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। हालांकि आग के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है।श्रीनगर के बोहरी कदल में स्थित मस्जिद शरीफ और एक व्यावसायिक ढांचे में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसकी ऊंची-ऊंची लपटें आसमान को छू रही हैं।



## युद्ध समाप्त समझौते पर सहमत नहीं होंगेः नेतन्याहू

**तेल अवीव।** गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की व्यवहारिकता पर सोमवार को उस समय संदेह के बादल छा गए जब इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे केवल 'आंशिक' युद्धविराम के समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार होंगे, जिससे युद्ध समाप्त नहीं होगा। नेतन्याहू की इस टिप्पणी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों में आक्रोश फैल गया। नेतन्याहू ने कहा गाजा पट्टी में अब भी बंधक बनाए गए है। 120 लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि वह आंशिक समझौता करने के लिए तैयार हैं ।



### विदेश मंत्री जयशंकर ने पासपोर्ट सेवा दिवस पर की बड़ी घोषणा

# पासपोर्ट बनवाना होगा आसान, पुलिस वेरिफिकेशन में नहीं चलेगी 'दादागिरी'

*पासपोर्ट बनवाने के दौरान सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस वेरिफिकेशन में आती है। कई बार पुलिस वेरिफेकेशन के नाम पर आवेदकों को परेशान भी किया जाता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय इस परेशानी को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है।*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पासपोर्ट बनवाना अब और आसान होने वाला है। इसके लिए विदेश मंत्रालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के साथ मिलकर एक उपाय पर काम कर रहा है, जिससे कि लोगों को चंद दिनों के भीतर पासपोर्ट मिल जाए। सोमवार को पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि बेहतर पासपोर्ट सेवा के लिए मंत्रालय ने 440 पोस्टऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्रों की स्थापना की है। इसके अलावा 93 पासपोर्स सेवा केंद्र हैं। देश में इस वक्त 533 पासपोर्स प्रोसेसिंग सेंटर और 37 रिजिनल पासपोर्ट ऑफिस हैं। विदेश मंत्रालय ने विदेश में मौजूद 187 भारतीय मिशनों को भी इससे जोड़ा है। दरअसल, पासपोर्ट बनवाने में सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस वेरिफिकेशन में आती है। इसमें काफी समय लग जाता है।

### पासपोर्ट विकास में अहम योगदान देता है

उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्रालय ने बीते साल 2023 में पासपोर्ट से जुड़ी 1.65 करोड़ सेवाएं दीं। 2023 में मासिक पासपोर्ट आवेदन 14 लाख को पार कर गए थे। उन्होंने आगे कहा कि पासपोर्ट नागरिकों के विकास में अहम योगदान देता है। इससे देश के विकास पर सीधे असर पड़ता है।




## 9 हजार पुलिस थानों में पुलिस एप किया शुरू

जयशंकर ने कहा, पासपोर्ट वितरण पारिस्थितिकी तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के साथ लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने वाला एमपासपोर्ट पुलिस ऐप 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 9,000 पुलिस स्टेशनों में शुरू किया गया है. उन्होंने आगे कहा, "पासपोर्ट सेवा प्रणाली को कागज रहित दस्तावेजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिलॉकर प्रणाली के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है।

### एप से वेरिफिकेशन का समय हुआ कम

*दिसंबर 2023 में लोकसभा में जयशंकर ने जानकारी देते हुए कहा था, पुलिस सत्यापन के लिए राष्ट्रव्यापी औसत समय 14 दिन है। हालांकि, जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एमपासपोर्ट पुलिस ऐप लॉन्च किया गया है, वहां पुलिस सत्यापन का औसत समय पांच दिन से भी कम रह गया है।*

### 'एमपासपोर्ट पुलिस एप' से काम होगा आसान

कई बार तो पुलिस वेरिफिकेशन के नाम पर आवेदकों को परेशान भी किया जाता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय इस परेशानी को दूर करने में लगा है। एस. जयशंकर ने कहा कि पुलिस वेरिफिकेशन में तेजी लाने के लिए 'एमपासपोर्ट पुलिस ऐप' लाया गया है। इससे 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 9 हजार पुलिस थानों को जोड़ा गया है। इसके साथ ही पेपरलेस डॉक्यूमेंटेशन के लिए पासपोर्ट सेवा सिस्टम को डीजी लॉकर से जोड़ा गया है। इससे पुलिस वेरिफिकेशन का काम आसान हो जाएगा।

### नवीनतम बायोमेट्रिक्स तकनीक का उपयोग

ई-पासपोर्ट सेवा 2.0 के तहत नवीनतम बायोमेट्रिक्स तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत डेटा विश्लेषण, चैट बॉट, भाषा प्राथमिकता के साथ क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे पासपोर्ट बनवाना आसान हो जाएगा और डेटा भी सुरक्षित रहेगा। ई-पासपोर्ट सेवा के लिए सॉफ्टवेयर आईआईटी कानपुर और एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है।

### 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

# एडीजीपी ने उच्च अधिकारियों व सुरक्षा बलों के साथ की बैठक

बाबा बर्फानी की यात्रा 29 जून से शुरू होकर 29 अगस्त को समाप्त होगी



एजेंसी ▶▶ कश्मीर

एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) और एसडीआरएफ के सह कमांडेंट जनरल विजय कुमार ने आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी और अन्य अधिकारियों के साथ 29 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर समीक्षा बैठक की। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी और इस साल 29 अगस्त को समाप्त होगी। वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में 26 जून से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो रही है। एक अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अधिकारियों ने उपकरणों का निरीक्षण भी किया और यात्रा से पहले टीमों को जानकारी दी।

### यात्रा के लिए करवाएं तत्काल पंजीकरण

*वहीं दूसरी ओर श्री अमरनाथ यात्रा को जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यात्रा के लिए जम्मू में 26 जून से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो रही है। जिसके लिए पांच पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं और इनमें से दो केंद्र साधुओं के लिए आरक्षित रहेंगे। चूंकि बड़ी संख्या में साधु यात्रा में शामिल होते हैं। ऐसे में शहर के गीता भवन व राम मंदिर में पंजीकरण के साथ ठहरने व खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। जबकि जम्मू शहर में वैष्णवी धाम, पंचायत भवन रेलवे स्टेशन के पास व शालामार रोड स्थित महाजन हाल में तीर्थ यात्रियों का तत्काल पंजीकरण किया जाएगा।*

### श्रद्धालुओं की जांच होगी

पंजीकरण के दौरान ही इन श्रद्धालुओं व साधु-संतों की मौके पर स्वास्थ्य जांच होगी और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र मिलने पर ही यात्रा पंजीकरण होगा। पंजीकरण करवाने के लिए श्रद्धालु अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड लाना न भूलें, मेडिकल जांच मौके पर ही होगी।

## भारत और यूएई के विदेश मंत्रियों की बैठक में व्यापक सामरिक भागीदारी की हुई समीक्षा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों के बीच रविवार को अबूधाबी में हुई द्विपक्षीय बैठक में व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा की गई है। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्री एस.जयशंकर 23 जून को यूएई की एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत अबूधाबी गए थे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यूएई की यात्रा में विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने समकक्ष और यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इसमें भारत-यूएई व्यापक सामरिक भागीदारी की समीक्षा की गई और उसके बाद दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए व्यापारिक और आर्थिक सहयोग, फिनटेक, शिक्षा, संस्कृति और लोगों का लोगों से संबंध जैसे विभिन्न विषयों में जारी प्रगति को लेकर प्रसन्नता जाहिर की।

# भोपाल की प्रिंटिंग प्रेस में डैमेज प्रश्न पत्र के 'दो सेट' चुराए गए, होटल में हर एक को 12 लाख में दिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/लखनऊ

पुलिस की जांच में एक और क्वालिफाइंग एग्जाम के पेपर लीक में बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। उत्तर प्रदेश में रिव्यू ऑफिसर /असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर पोस्ट के लिए 11 फरवरी को हुआ एग्जाम पेपर लीक के आरोपों के बाद कैंसिल कर दिया गया है। इस एग्जाम में 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। हालांकि, यूपी प्रशासन ने पेपर लीक के आरोपों को खारिज किया है। गाजीपुर की जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी ने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ था। सेंटर इंविजिलेटर की ओर से लापरवाही हुई। उन्होंने एग्जाम हॉल के बजाए कंट्रोल रूम में क्वेश्चन पेपर का बंडल खोल दिया था।

दूसरी ओर पुलिस की जांच में सामने आया कि यूपी रिव्यू ऑफिसर/असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर के एग्जाम का पेपर भोपाल से लीक किया गया था। इसमें इंजीनियरिंग के 4 छात्र शामिल थे। यूपी पुलिस एसटीएफ ने एग्जाम पेपर लीक मामले में प्रयागराज जिले के कीडगंज में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले सुनील रघुवंशी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पेपर 11 फरवरी की सुबह प्रयागराज के एग्जाम सेंटर बिशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज से लीक कराया गया था। जांच टीम को शक हुआ कि पेपर इस एग्जाम सेंटर के अलावा कहीं और से भी लीक कराया गया हो सकता है। ऐसे में प्रिंटिंग प्रेस के बारे में जानकारी ली गई, तो पता चला कि पेपर भोपाल से प्रिंट करवाया गया था।

### 4 इंजीनियरों ने किया था पेपर लीक

*पेपर राजीव नयन मिश्रा, सुभाष प्रकाश, विशाल दुबे और सुनील रघुवंशी (प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी) नाम के 4 इंजीनियरों ने लीक किया था। चारों अलग-अलग प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़े थे। एग्जाम की मॉनिटरिंग कर रहे अर्पित विनीत यशवंत ने एग्जाम की सुबह 6.30 बजे क्वेश्चन पेपर की फोटो ली थी। पेपर भोपाल की किसी प्रिंटिंग प्रेस में छपे थे। एग्जाम पेपर लीक के मास्टरमाइंडों में से एक राजीव नयन मिश्रा ने एक प्रिंटिंग प्रेस स्टाफ सुनील रघुवंशी (भोपाल), विशाल दुबे (प्रयागराज) और सुभाष प्रकाश (मधुबनी) के साथ मिलकर इसकी साजिश रची थी। जब यह पेपर प्रिंटिंग प्रेस में आया, तो सुनील ने अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पेपर हाथ में देने के लिए 10 लाख रुपए की मांग की। हालांकि, सुनील ने शर्त भी रखी कि उम्मीदवारों को उनके सामने पेपर पढ़ना होगा, ताकि यह वायरल न हो जाए। राजीव मिश्रा, सुनील रघुवंशी और एक अन्य साथी सुभाष प्रकाश ने शर्तों पर सहमति जताई।*




### 3 फरवरी को पेपर किया गया था चोरी

*प्रिंटिंग के दौरान कोई क्वेश्चन पेपर डैमेज हो जाए, तो उसे अलग कर दिया जाता है। बाद में उन्हें श्रेडर के इस्तेमाल से नष्ट कर दिया जाता है। सुनील रघुवंशी को इसी मौके की तलाश थी। 3 फरवरी को सुनील मशीन रिपेयरिंग के लिए प्रिंटिंग प्रेस पर मौजूद था। प्रेस में क्वेश्चन पेपर देखकर वह मशीन को ठीक करने का बहाना करते हुए मशीन में छपा का एक हिस्सा अपने साथ लेकर गया। वह कागजात घर ले आया और अपने साथियों को इसकी खबर दी। ग्रुप ने फैसला लिया कि एग्जाम से तीन दिन पहले 8 फरवरी को कैंडिडेट्स को एक होटल के रूम में बुलाया जाएगा और हर एक को 12 लाख रुपए में पेपर दिखाया जाएगा। सुनील रघुवंशी क्वेश्चन पेपर के दो सेट की 6 कॉपी लेकर होटल पहुंचा। सुभाष प्रकाश ने एक असिस्टेंट के साथ पेपर सॉल्व किया। होटल में ही स्टूडेंट्स को आंसर याद कराए गए। दो अन्य साथी विवेक उपाध्याय और अमरजीत शर्मा बाकी अभ्यर्थियों को होटल लेकर आए।*

### द.कोरियाः फैक्टरी में लगी आग

# 16 की मौत, 7 घायल, 6 लापता, ज्यादातर विदेशी



एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के समीप लिथियम बैटरी बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार को आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गयी, सात घायल हो गए तथा छह लोग लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय दमकल अधिकारी किम जिन-यंग ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सियोल के दक्षिणी क्षेत्र ह्वासियोंग शहर में फैक्टरी की तलाशी के बाद शव बरामद किए। किम ने पहले बताया था कि ज्यादातर लापता लोग विदेशी हैं जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं। लापता लोगों के मोबाइल फोन के सिग्नल फैक्टरी की दूसरी मंजिल से आने का पता चला है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्यक्षदर्शी ने प्राधिकारियों को बताया कि जब कर्मचारी बैटरियों की जांच और उन्हें पैक कर रहे थे तो उनमें विस्फोट हो गया ।जिससे आग लग गयी लेकिन आग लगने की असली वजह की अभी जांच की जाएगी।

किम ने बताया कि जो लोग मृत पाए गए हैं वे संभवतः सीढ़ियों के रास्ते बाहर नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय फैक्टरी में कुल 102 लोग काम कर रहे थे।

# अंतरिक्ष में फंसी भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इंटरनेशनल स्पेस सेंटर (करर) पर फंस गए हैं। उनकी धरती पर वापसी की उम्मीद एक बार फिर टूट गई है। 6 जून को उन्होंने करर पर कदम रखा था। इसके बाद उन्हें 13 जून को वापस लौटना था लेकिन बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में खराबी आ गई। इससे उनकी यात्रा का 22 जून तक टाल दिया गया। 22 जून को भी किसी तकनीकि कारणों से उनका धरती पर वापसी नहीं हो पाई। इसके बाद अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा की चिंता बढ़ गई है। इस यान की समस्या अभी तक ठीक नहीं हुई है। **5 जून को भरी थी उड़ान** : पांच जून को अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता ने उड़ान भरी थी. 2019 के बाद से इसे दो बार बिना इंसान के अंतरिक्ष में भेजा जा चुका है। हालांकि इसके थ्रस्टर्स 5 बार खराब हो चुके हैं।



बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में आई खराबी




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25